INS ACCREDITED
यूनिकॉम
unicomadvertising.com

प्रेरणास्रोत पूज्यनीय राजनलाल गौतम जी

सांध्य दैनिक

# यूनिक समय

RNI-UPHIN/2023/85053

डाक पंजीकृत संख्या मथुरा-071/2022-24
डीएवीपी द्वारा मान्यता प्राप्त: DAVP-: 134220

Sweety BY MR GROUP Presents
Unique Samay Update
uniquesamay.com

वर्ष-3 | अंक-107 | मथुरा, गुरुवार, 12 जून 2025 | पेज-12 | 5 रुपया | www.facebook.com/uniquesamay | twitter.com/Theuniquesamay | www.linkedin.com/in/uniquesamay

## लंदन जा रहा एयर इंडिया का विमान अहमदाबाद में दुर्घटनाग्रस्त

# 204 से अधिक की मौत

- टाटा ग्रुप देगा मृतकों को 1—1 करोड़ की सहायता

- विमान में 242 थे सवार, राहत कार्य जारी
- हादसे में पूर्व सीएम विजय रुपाणी का निधन
- विमान हादसे पर राष्ट्रपति पुतिन ने जताया शोक
- पीएम मोदी ने जताया हादसे पर दु :ख
- सांसद राहुल ने भी हादसे पर दु :ख जताया



गुजरात के अहमदाबाद नगर में गुरुवार को उड़ान भरने के बाद क्रैश हुआ विमान।

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** गुजरात के अहमदाबाद नगर में गुरुवार को एक बड़ा विमान दुर्घटना हुई, जब एयर इंडिया की लंदन जा रही उड़ान संख्या एआई171 उड़ान भरने के कुछ ही समय बाद दुर्घटनाग्रस्त हो गई। यह विमान अहमदाबाद से लंदन गैटविक हवाई अड्डे के लिए रवाना हुआ था और बोइंग 787—8 ड्रीमलाइनर नामक विमान, मेघाणी नगर के आवासीय क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गया। दुर्घटना की भयावहता का अनुमान इसी बात से लगाया जा सकता है कि अब तक 204 से अधिक मृतदेह बरामद किए जा चुके हैं, जबकि मृतकों की संख्या और बढ़ सकती है। 41 लोगों का इलाज जारी है। एयर इंडिया की ओर से जारी वक्तव्य में बताया गया कि विमान में कुल 242 यात्री सवार थे, जिनमें 169 भारतीय नागरिक, 53 ब्रिटिश नागरिक, एक कनाडा का नागरिक और 7 पुर्तगाल के नागरिक शामिल थे। दुर्घटना में घायल लोगों को नज़दीकी चिकित्सालयों में उपचार हेतु भर्ती कराया गया है। घटनास्थल पर अग्निशमन विभाग, राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ), पुलिस एवं चिकित्सकीय दल त्वरित राहत एवं बचाव कार्य में जुटे हैं।

प्रारंभिक जांच में ज्ञात हुआ है कि विमान एक चिकित्सक छात्रावास (डॉक्टर्स हॉस्टल) पर आकर गिरा, जिससे स्थानीय क्षेत्र में भी भारी नुकसान हुआ है। प्रशासन के अनुसार सूचना मिलते ही 2—3 मिनट के भीतर पुलिस एवं अन्य एजेंसियां स्थल पर पहुँच गई थीं। लगभग 70—80 प्रतिशत क्षेत्र को खाली कराया जा चुका है।



अहमदाबाद में बचाव और राहत कार्य में जुटी सेना और एनडीआरएफ।

### हादसे में पूर्व सीएम विजय रुपाणी का निधन

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अहमदाबाद में एयर इंडिया के विमान हादसे में गुजरात के पूर्व सीएम विजय रुपाणी का निधन हो गया है। जानकारी के मुताबिक, पूर्व सीएम अहमदाबाद से लंदन जा रहे विमान में सवार थे। जो उड़ान भरने के कुछ ही देर बाद रिहायशी इलाके में दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पूर्व सीएम विजय रुपाणी के निधन की पुष्टि गुजरात भाजपा अध्यक्ष सी.आर. पाटिल ने की है।

भारत के केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल तथा अहमदाबाद पुलिस आयुक्त से बात कर स्थिति की जानकारी ली तथा हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है।

एयर इंडिया ने इस दुर्घटना को देखते हुए सहायता हेतु दूरभाष संख्या 1800 5691 444 तथा नागरिक उड्डयन मंत्रालय ने 011—24610843, 9650391859 पर संपर्क केंद्र (कंट्रोल रूम) स्थापित किया है।

यह दुर्घटना भारत के विमानन इतिहास की एक और हृदयविदारक घटना बन गई है। सरकार ने घटना की जाँच के आदेश दे दिए हैं और पीड़ित परिवारों को हरसंभव सहायता देने का भरोसा दिलाया गया है। अहमदाबाद विमान हादसे में जान गंवाने वालों के परिजनों को टाटा ग्रुप ने बड़ी राहत दी है। ग्रुप ने प्रत्येक मृतक के परिवार को ₹1 करोड़ की सहायता राशि देने की घोषणा की है। घायलों का संपूर्ण इलाज खर्च भी टाटा ग्रुप वहन करेगा। इसके साथ ही बी.जे. मेडिकल कॉलेज के छात्रावास निर्माण में भी सहयोग का ऐलान किया गया है। टाटा संस के चेयरमैन एन. चंद्रशेखरन ने हादसे पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए संवेदनाएं जताईं।

### राहत—बचाव कार्य में जुटी भारतीय सेना

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अहमदाबाद के पास एयर इंडिया के विमान के दुर्घटनाग्रस्त होने के बाद चल रहे मानवीय सहायता और आपदा राहत प्रयासों में नागरिक प्रशासन की सहायता के लिए लगभग 130 कर्मियों वाली भारतीय सेना की टीमें तैनात की गई हैं। भारतीय सेना की प्रतिक्रिया में मलबा हटाने के लिए जेसीबी के साथ इंजीनियरिंग टीमें, डॉक्टरों और पैरामेडिक्स वाली मेडिकल टीमें, त्वरित कार्रवाई दल , अग्निशामक यंत्रों और पानी के बाउजर के साथ अग्निशमन संपत्तियां और साइट प्रबंधन के लिए प्रोवोस्ट स्टाफ शामिल हैं। सैन्य अस्पताल को भी अलर्ट पर रखा गया है।



एयर इंडिया का दुर्घटनाग्रस्त विमान के हॉस्टल में टकराने के बाद का नजारा।

जाको राखे साइयां.....

### विमान हादसे में चमत्कारिक रूप से बचे विश्वाश कुमार



**यूनिक समय, मथुरा ।** अहमदाबाद में गुरुवार को हुए भयावह एयर इंडिया विमान हादसे में जहां 242 यात्रियों की जान चली गई, वहीं 40 वर्षीय विश्वाश कुमार रमेश चमत्कारिक रूप से जीवित बच गए। ब्रिटिश नागरिक विश्वाश अपने भाई अजय के साथ लंदन लौट रहे थे, लेकिन हादसे के बाद अजय का कोई पता नहीं चल पाया है। विश्वाश ने बताया, "टेकऑफ के कुछ ही सेकंड बाद जोरदार धमाका हुआ और विमान ज़मीन से टकरा गया। जब होश आया, तो चारों तरफ लाशें ही लाशें थीं।" उनके सीने, आंख और पैरों में गंभीर चोटें हैं, लेकिन वे होश में हैं और बात करने की स्थिति में हैं। सिविल अस्पताल, असारवा के जनरल वार्ड में इलाजरत विश्वाश कांपते हुए हादसे की भयावहता को याद कर रहे थे। यह हादसा उनके जीवन में एक ऐसी दहशत बन गया है, जिसे भूल पाना मुश्किल है।



दुर्घटना के बाद मेडिकल कॉलेज छात्रावास पर आग पर काबू पाते दमकल कर्मचारी।

## वृंदावन में विद्युत अव्यवस्था के खिलाफ प्रदर्शन

# पागल बाबा बिजली घर पर लोगों का हल्ला बोल


पागल बाबा बिजली घर पर प्रदर्शन करते वृंदावन के लोग।


विद्युत कर्मचारियों को आड़े हाथ लेते हुए भाजपा पार्षद वैभव अग्रवाल।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृंदावन।** पिछले कई दिनों से चरमरा रही विद्युत आपूर्ति के खिलाफ लोगों का गुस्सा आज फूट पड़ा। हल्ला बोल आह्वान के तहत आज सुबह बड़ी संख्या में लोग पागल बाबा बिजली घर पहुंच गए। गुस्साए लोगों ने बिजली विभाग मुर्दाबाद के नारे लगाते हुए अधिकारियों को खूब खरी खोटी सुनाई। अधिकारियों के आश्वासन पर प्रदर्शन समाप्त किया। नगर निगम के भाजपा पार्षद वैभव अग्रवाल के नेतृत्व में विद्युत कटौती से त्रस्त सैकड़ों लोग सुबह पागलबाबा बिजली घर पहुंचे। जबर्दस्त नारेबाजी करते हुए अधिकारियों को कोसा। आरोप लगाया कि अधिकारी भाजपा सरकार की छवि को धूमिल करने का प्रयास कर रहे हैं। कहा कि गर्मी आने से पहले जो काम करने चाहिए थे, वह काम अब अधिकारी कर रहे हैं। पार्षद शशांक शर्मा, सुमित गौतम, घनश्याम चौधरी, सुधीर शुक्ला, विवेक महाजन एडवोकेट, हेमंत भारती समेत अन्य लोगों का कहना था कि पूरा वृन्दावन विद्युत कटौती से त्राहि-त्राहि कर रहा है। रात

### एसडीओ को सुनाई खरी खोटी, सुधार न होने पर फिर आंदोलन

दिन में दर्जनों बार लाइट जा रही है। पिछले एक सप्ताह से पूरी रात लाइट नहीं आ रही है।

कई बार ट्रिपिंग के कारण वोल्टेज कम ज्यादा होने से घरों के उपकरण फूंक रहे हैं। बिजली घर पर लोगों के फोन नहीं उठते। उन्हें बिजली आने की जानकारी नहीं मिल पा रही है। बच्चे, बूढ़े, महिलाएं भीषण गर्मी में विद्युत कटौती से त्रस्त हैं। लोग परेशान हैं। रात भर जाग रहे हैं।

स्थानीय लोगों के साथ बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को भी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। तीर्थयात्री बिगड़ी हुई विद्युत व्यवस्था को लेकर सरकार को कोस रहा है। गुस्साए लोगों ने विद्युत आपूर्ति अव्यवस्था में सुधार न होने पर फिर आंदोलन की चेतावनी दी है। पागलबाबा बिजलीघर पहुंचे एसडीओ संदीप वार्ष्णेय को लोगों के

### विद्युत अव्यवस्था से क्षुब्ध युवक ने मांगी दया मृत्यु

**यूनिक समय, वृंदावन।** शिक्षाविद एवं वरिष्ठ पत्रकार स्व. विवेकानंद घोष के पुत्र ने विद्युत अव्यवस्था से परेशान होकर दया मृत्यु की मांग की।

तीखे सवालों का सामना करना पड़ा। कई प्रश्न पूछे और उत्तर मांगे। एसडीओ ने बताया कि ओवरलोडिंग के कारण बिजली की समस्या उत्पन्न हो रही है। साथ ही बिजलीघर पर लोगों के फोन उठाने के लिए एक अतिरिक्त व्यक्ति की व्यवस्था की जा रही है। पागलबाबा बिजली घर पर नये बिजलीघर को शुरू किया जा रहा है। इसके चालू होने के बाद जनता को विद्युत कटौती का सामना नहीं करना पड़ेगा।\

गौरतलब है कि सांसद हेमामालिनी एवं पूर्व ऊर्जामंत्री श्रीकांत शर्मा ने कल दक्षिणाचल विद्युत वितरण निगम के एमडी नीतीश कुमार से वार्ता कर वृन्दावन की विद्युत अव्यवस्था को सुधारने एवं पागलबाबा नये बिजलीघर को जल्द चालू करने के निर्देश दिए थे। इस अवसर पर राजेशकृष्ण गोस्वामी, मृदुलकांत शास्त्री, अमित गौतम, बच्चू सिंह, सुंदर सिंह, अखिलेश अग्रवाल, मुकुंदमोहन शर्मा, पवन ठाकुर, रविन्द्र यादव, श्याम निषाद, शिवा गौतम, गुन्नी बघेल, दीपक गोयल, आरजू अग्रवाल, रासबिहारी अग्रवाल, उदय अवस्थी, गोपालशरण शर्मा, रवि शर्मा, प्रियांशरण वशिष्ठ, पवन शर्मा, गोविन्द खंडेलवाल, जाग्रत गौतम, विश्वनाथ चौबे, यति शर्मा, प्रदीप शर्मा, मोहनश्याम पचौरी, गोविन्दबल्लभ गोस्वामी, शिवम गौतम, धनंजय गौतम, जयबिहारी गौतम, अनिल शास्त्री, गिरधर अग्रवाल, सुनील गौतम, सतीश सिसोदिया, गोकुलेश सैनी, पवन गौतम, हरिशंकर शर्मा, आकाश शर्मा, प्रणव शर्मा, अभिनव गोस्वामी, दिनेश बाली, राजकुमार गौतम, जितेंद्र ठाकुर, श्यामसुंदर शर्मा, माधव यादव, विपिनकृष्ण, विवेक अग्रवाल एवं कुशल अग्रवाल आदि शामिल थे।






# शिक्षक समाधान दिवस में आए 290 शिक्षकों के आवेदन


जिला शिक्षक प्रशिक्षण संस्थान (डाइट) के सभागार में शिक्षक-शिक्षिकाओं की समस्याएं सुनते बीएसए सुनील दत्त।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी सुनील दत्त ने प्राथमिक एवं उच्च प्राथमिक विद्यालयों के शिक्षक शिक्षिकाओं की समस्याओं के लिए गुरुवार को शिक्षक समाधान दिवस डाइट सभागार में किया गया। इसमें 290 शिक्षक शिक्षिकाओं ने अपनी अपनी समस्याओं के समाधान के लिए आवेदन किया।

बीएसए ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समाधान एक सप्ताह में कर दिया जाएगा। उनको बीएसए कार्यालय के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं है।

### बीएसए ने कहा कि एक सप्ताह में होगा समस्याओं का निस्तारण

### कोई भी शिक्षक कार्यालय के नहीं लगाए चक्कर

जनपद के 10 विकासखंड के सभी खंड शिक्षा अधिकारियों ने बीएसए के नेतृत्व में डाइट सभागार में शिक्षक समस्या समाधान दिवस का आयोजन किया था।

शिक्षक नेता गोवर्धन दास गुप्ता ने कहा कि इसके माध्यम से समय से लंबित शिक्षकों की समस्याओं का समाधान होगा।

# आरएसएस प्रमुख डॉ. मोहन भागवत पहुंचे परखम

### प्रथम कार्यकर्ता विकास वर्ग सामान्य में भाग लेंगे

### कार्यक्रम स्थल के आसपास सुरक्षा व्यवस्था कड़ी

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, फरह (मथुरा)।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक के सर संघ चालक डॉ. मोहन भागवत तीन दिवसीय प्रवास पर आज परखम (फरह) पहुंचे। वह गऊग्राम परखम में लग रहे प्रथम कार्यकर्ता विकास वर्ग सामान्य में भाग लेंगे। कार्यक्रम स्थल पर पुलिस प्रशासन की ओर से सुरक्षा व्यवस्था चाक-चौबंद की गई है। जानकारी के अनुसार संघ प्रमुख का काफिला आज दोपहर दिल्ली से सीधे गऊग्राम परखम पहुंचा। वह तीन दिन तक वह परखम में ही प्रवास करेंगे। इस दौरान



प्रशिक्षण वर्ग व अन्य कार्यक्रमों में प्रतिभाग करेंगे। बताते चलें कि उनसे मिलने के लिए आसपास के जिलों से संघ के पदाधिकारी बुधवार से ही पहुंचना शुरू हो गए थे। संघ प्रमुख को लेकर प्रशासन ने आगरा-मथुरा हाईवे पर बाद पुलिस चौकी से लेकर परखम तक रूट डायवर्जन कर दिया। इस कारण लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। ग्राम परखम जाने वाले रास्तों पर कई जगह चेकपोस्ट बनाए गए हैं। यहां 24 घंटे पुलिसकर्मियों की तैनाती की गई है।

### मंडी रामदास व्यवसायी समिति का पुर्नगठन

**यूनिक समय, मथुरा।** मंडी रामदास व्यवसायी समिति की बैठक में समिति के पुर्नगठन व विस्तार के लिए समिति के उपाध्यक्ष अजय सैनी सर्राफ के आवास पर बैठक हुई। इसमें राज नारायण गौड को सर्व समिति से अध्यक्ष चुना गया। अजय सैनी सर्राफ, सुभाष अग्रवाल, राजीव बंसल बन्टू, बाल किशन अग्रवाल बबलू उपाध्यक्ष, प्रेम शंकर अग्रवाल महामंत्री, अभिषेक शर्मा आँशू कोषाध्यक्ष, रुपेश अग्रवाल बिसावर वाले, अमित अग्रवाल गौरव अग्रवाल बिसावर वाले, सुमित चौधरी, हरीशंकर गुप्ता मुनीम मंत्री चुने गए।

# पद्मभूषण से सम्मानित साध्वी ऋतंभरा कल आएंगी वात्सल्य ग्राम

**यूनिक समय, वृंदावन।** वात्सल्य ग्राम में वात्सल्य व्यवस्था समिति की बैठक में वात्सल्य ग्राम की संस्थापिका वात्सल्यमूर्ति साध्वी ऋतंभरा को 27 मई को राष्ट्रपति द्वारा "पद्मभूषण" से अलंकृत होकर देश में विभिन्न स्थानों पर सम्मानित होने बाद प्रथम बार 13 जून को वात्सल्य ग्राम आ रही हैं। वात्सल्य व्यवस्था समिति ने उनके स्वागत की तैयारी की है। साध्वी शिरोमणि ने बताया कि दीदी मां 13 जून की देर रात्रि वात्सल्य ग्राम आएंगी उनके स्वागत में वात्सल्य ग्राम को भगवा पताकाओं से सजाया जायेगा, सभी प्रकल्पों के प्रमुख उनका सम्मान करेंगे। मथुरा-वृंदावन का गौरव दीदी मां के सम्मान ने मथुरा-वृंदावन का ही नहीं प्रत्येक हिंदू का मान बढ़ाया है। यह सम्मान दीदी माँ को राष्ट्र सेवा एवं समाज सेवा के लिए दिया गया है। इस सम्मान से पूरा वात्सल्य ग्राम उत्साहित है। बैठक में प्रबंधक राजेश कुमार पांडेय, साध्वी सत्यश्रद्धा, साध्वी सत्यवृता साध्वी सत्यश्रुति, बाल जी चतुर्वेदी, महेश गर्ग, विमल शुक्ला, आचार्य अंकित मिश्रा, कमलेश पांडेय तथाअनिल राज, खगेश्वर आदि उपस्थित थे।




# स्वाट व हाईवे पुलिस की संयुक्त मुठभेड़ में एक बदमाश गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** बैंकों के एटीएम में धोखाधड़ी करके लोगों के साथ ठगी करने वाले एक शातिर अपराधी की सतोहा के समीप पुलिस व स्वाट टीम के साथ आज मुठभेड़ हो गई। पुलिस की गोली लगने से वह घायल हो गया। उसकी गिरफ्तारी पर 20 हजार का इनाम भी घोषित है। सीओ रिफाइनरी श्वेता सिंह ने बताया कि बैंक के एटीएम में लोगों के साथ रुपये निकालने के दौरान धोखाधड़ी कर ठगी करने वाले एक शातिर अपराधी के बारे में हाईवे और स्वाट टीम को जानकारी लगी। पुलिस व स्वाट टीम ने बदमाश की गोवर्धन रोड पर घेरा बंदी की। बाइक से आते बदमाश को पुलिस ने रोकने का



मुठभेड़ में गोली लगने से घायल हुए बदमाश को ले जाती पुलिस।

प्रयास किया। पुलिस को देख बाइक सवार बदमाश ने फायरिंग कर दी। पुलिस व स्वाट टीम ने भी जवाबी फायरिंग की। पुलिस की एक गोली बदमाश के पैर में लगी और वह वहीं गिर गया। घटनास्थल से घायल बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार बदमाश योगेंद्र उर्फ

### बैंक एटीएम से लोगों के साथ करता था धोखाधड़ी

### बदमाश की गिरफ्तारी पर घोषित था 20 हजार का इनाम

लीलू पहलवान निवासी गांव जवा थाना छायसा जनपद फरीदाबाद हरियाणा है। पुलिस को उसके कब्जे से देशी तमंचा कारतूस और एक बाइक मिली है। उसकी गिरफ्तारी पर विभाग की ओर से बीस हजार रुपये का इनाम घोषित है। घायल से पुलिस पूछताछ कर रही है।






# स्पेशल कोर्ट (ईसी एक्ट) में आज रामजीलाल सुमन की हुई गवाही

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** स्पेशल जज (ईसीएक्ट) डॉ. पल्लवी अग्रवाल की कोर्ट में आज समाजवादी पार्टी के सांसद रामजीलाल सुमन की गवाही होनी थी। बयान में उनका नाम राम विलास लिख गया था। इससे सही कराने के लिए उन्होंने शपथपत्र दिया। सहायक शासकीय अधिवक्ता अवनीश उपाध्याय ने बताया कि 14 सितंबर 2005 को रामजीलाल सुमन ने महा विद्या कॉलोनी में एक प्लॉट लिया था। इस प्लॉट पर उनका कब्जा था। प्लॉट की देखभाल के लिए एक केयर टेकर रखा हुआ था। 11 सितंबर 2012 को रामू पंडित, संजय और अभिमन्यु सैनी अपने साथियों के साथ आए और उनके साथ मारपीट की। हमलावरों ने उनकी सोने की चेन और दस हजार रुपये लूट लिए। हमलावरों ने फायरिंग भी की। जाते समय पांच लाख रुपये की चौथ मांगते हुए धमकी देकर चले गए। इस तरह की तहरीर रामजीलाल सुमन ने थाना गोविंदनगर में दी थी। पुलिस ने मामला दर्ज कर अभियुक्तों के खिलाफ आरोप पत्र

### 2012 में प्लॉट पर कब्जे को लेकर हमलावरों ने की थी मारपीट

### सोने की चेन नकदी लूटने के बाद 5 लाख रुपये की मांगी थी चौथ

### कोर्ट में बयानों में उनका नाम हो गया था राम विलास

### शपथ पत्र देकर ठीक कराया नाम, फिर दी गवाही

न्यायालय में पेश कर दिया। मामला कोर्ट में चल रहा है। स्पेशल (ईसीएक्ट) न्यायालय डॉ पल्लवी अग्रवाल की कोर्ट में इस मामले में उनकी गवाही थी। बताया गया कि बयानों में रामजीलाल सुमन का राम विलास हो गया था। इसके लिए आज उन्होंने अपना नाम सही कराने के लिए शपथ पत्र देकर गवाही दी। गवाही देने के बाद वह वापस आगरा के लिए लौट गए।

# पति से हुई कहासुनी पर महिला ने फांसी लगाई

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना फरह क्षेत्र के गांव नगला बंजारा में रहने वाली एक महिला ने बच्चे को डॉक्टर से दिखाकर लाने के बाद पति से हुए झगड़े में घर पहुंचकर फांसी लगा कर आत्महत्या कर ली। गांव ककरारी भरतपुर निवासी दरोगा ने अपनी बेटी उर्मिला की शादी नगला बंजारा निवासी वीरेंद्र सिंह से करीब चार–पांच साल पहले की थी। शादी के बाद से दोनों का परिवार अच्छी तरह से चल रहा था। वीरेंद्र कुरकंदा में हाईवे किनारे बने होटल में नौकरी करता था। उर्मिला के तीन साल का बेटा वरुण और डेढ़ साल की बेटी भी है। बताया गया कि वरुण की गर्दन पर दाने निकल रहे थे। वरुण को दिखाने

### बीमार बेटे को दिखा कर लाने के बाद दोनों में हुआ था झगड़ा

के लिए दोनों पति–पत्नी कल डॉक्टर के पास गए थे। वहां से प्रातः दवा लेने के बाद दोनों घर लौटे। इसके बाद पति पत्नी के बीच किसी बात को लेकर विवाद हो गया। वीरेंद्र पत्नी को समझाकर होटल पर काम करने के लिए चला गया। उसके कुछ देर बाद ही उर्मिला ने घर में फांसी लगा ली। इस बात का पता लगने पर पति भी घर पहुंच गया। सूचना पर पहुंची ने पहुंचकर शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# बरसाना में पेड़ से लटका मिला युवक का शव

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना बरसाना के गांव बाजीपुर के जंगल में एक अज्ञात युवक का शव पेड़ पर लटका मिला। शव के मिलने पर इलाके में सनसनी फैल गई। गांव बाजीपुर के जंगल में एक पेड़ पर एक युवक का शव लटका देख वहां से गुजरते लोगों में दहशत फैल गई।

कुछ ही देर में बात गांव और आस–पास के इलाके में फैल गई। पेड़ पर लटके युवक के शव को देखने के लिए काफी संख्या में

### शव को देख इलाके में फैली दहशत

ग्रामीण वहां एकत्रित हो गए। काफी प्रयास के बाद भी युवक को किसी व्यक्ति ने नहीं पहचाना। सूचना पर पहुंची पुलिस ने पेड़ पर लटके शव को उतरवाया और उसकी तलाशी की। लेकिन उसकी शिनाख्त नहीं हो सकी। पुलिस ने अज्ञात युवक के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## नशीला पाउडर रखने पर महिला गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** मांट पुलिस ने एक महिला को नशीला पाउडर रखने के आरोप में गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार राधारानी मंदिर के रास्ते पर बनी कॉलोनी के गेट के समीप से एक महिला को गिरफ्तार किया गया। उसके कब्जे से 160 ग्राम एल्प्राजोलम नशीला पाउडर बरामद किया है।

# जिला जज एवं एसएसपी ने किया जेल का निरीक्षण




कारागार निरीक्षण के दौरान हॉस्पिटल में भर्ती बंदियों को देख कर निकलते जिला जज विकास कुमार और एसएसपी श्लोक कुमार।

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला जज, एसएसपी सहित अन्य अधिकारियों ने आज जिला कारागार का निरीक्षण किया। जेल में मिली कमियों को दूर करने के जेल अधीक्षक को निर्देश दिए। जिला जज विकास कुमार और एसएसपी श्लोक कुमार अधिकारियों के साथ जिला कारागार के निरीक्षण को पहुंचे। अधिकारियों की गाड़ियो का सायरन बजता काफिला जिला कारागार परिसर में जैसे ही दाखिल हुआ जेल कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों ने गाड़ियों से उतरने के बाद जेल के गेट से अंदर प्रवेश किया। उन्होंने जेल का निरीक्षण किया। जिला जज ने कारागर की सफाई व्यवस्था से लेकर भोजनालय, बंदियों की बैरिकों

### कैदियों के लिए की जाने वाली व्यवस्थाओं का भी लिया जायजा

### निरीक्षण के दौरान मिली कमियों को दूर करने के दिए निर्देश

के साथ–साथ कारागार के हॉस्पिटल को भी चेक किया। इसके साथ ही जेल में कैदियों के लिए की गई व्यवस्थाओं का भी अधिकारियों ने जायजा लिया। इस मौके पर कारागार अधीक्षक अंशुमन गर्ग और अन्य अधिकारी भी निरीक्षण के दौरान अधिकारियों को कुछ कमियां नजर आई उनको सुधारने के लिए जेल अधीक्षक को निर्देश दिए।



# नये क्षय रोगी चिन्हीकरण में मथुरा प्रदेश में दूसरे नंबर पर

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** नये क्षय रोगी चिन्हीकरण में प्रदेश में कन्नौज प्रथम और मथुरा दूसरे स्थान प्रथम रहा है। जनपद में टारगेट के सापेक्ष 55 प्रतिशत क्षय रोगियों को स्वास्थ्य विभाग द्वारा चिंहित किया गया है। सभी मरीज उपचार पर हैं। अब इनको पौष्टिक आहार भी दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का संकल्प है कि भारत को 2025 में टीबी से मुक्त करना है। इस दिशा में तेजी से कार्य किया जा रहा है। मरीजों को खोज उनकी दवा शुरू कराई जा रही है, जिससे वह दूसरे लोगों को संक्रमित न करे। समीक्षा बैठक में रिपोर्ट प्रस्तुत की गईं। जनवरी से अब तक मरीजों चिंहीकरण के मामले में कन्नौज पहले नंबर रहा है। यह छोटा जिला है। यहां लक्ष्य 3652 था जिसके सापेक्ष 2187 मरीज चिंहित कर 59.9 प्रतिशत उपलब्धि रही। मथुरा ने लक्ष्य 16 हजार 102 के सापेक्ष 8852 मरीज चिन्हित कर इनका उपचार शुरू किया। इसका प्रतिशत 55 प्रतिशत रहा। विभागीय अधिकारी एवं कर्मचारी इस कार्य में लगे रहे। नये मरीज खोजने के लिए लोगों की स्क्रीनिंग, बलगम जांच, एक्सरे आदि किए गए। एक लाख से अधिक लोगों

### मथुरा ने टारगेट के सापेक्ष 55 प्रतिशत उपलब्धि पाई

### टीम ने खोजे 8852 नये मरीज

के एक्सरे एवं बलगम जांच की गई है। अमेठी तीसरे, अयोध्या चौथे एवं बहराइच पांचवें नंबर पर रहा। डीएम चंद्र प्रकाश सिंह एवं सीडीओ मनीष मीना की ओर से लगातार इसकी मॉनीटरिंग की जा रही है। जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ. एसपी राठौर के अनुसार अभियान से जुड़े अधिकारी एवं कर्मचारी मेहनत से कार्य कर रहे हैं। सीएमओ डॉ. संजीव यादव ने बताया कि क्षय रोग उन्मूलन की दिशा में स्वास्थ्य विभाग द्वारा सामूहिक रूप से समन्वय बनाकर कार्य किया जा रहा है। इसी का नतीजा है कि क्षय रोगी प्रकाश में आ रहे हैं। इन मरीजों की दवाएं विभाग ने शुरू कर दी हैं। पौष्टिक आहार भी दिया जा रहा है। मथुरा को जल्द से जल्द टीबी मुक्त किया जाएगा, इसमें सभी की सहभागिता जरूरी है। जांच सुविधा फ्री है।




## भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय एवं वृंदावन शोध संस्थान के बीच बढ़ते कदम



एमओयू को दिखाते डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की ओर से उप–कुलपति प्रो.(श्रीमती) आशूरानी एवं वृंदावन शोध संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी।

**यूनिक समय, वृंदावन।** डॉ. भीमराव आम्बेडकर विश्वविद्यालय, आगरा एवं वृंदावन शोध संस्थान के मध्य मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैडिंग (एम.ओ.यू.) पर सेठ पदम चंद जैन वाणिज्य व्यवसाय प्रबंधन एवं अर्थशास्त्र संस्थान के परिसर में हस्ताक्षर किए गए। एम.ओ.यू. पर डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय की ओर से उप–कुलपति प्रो.(श्रीमती) आशूरानी एवं वृंदावन शोध संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी ने हस्ताक्षर किए। उप–कुलपति प्रो. आशूरानी ने कहा कि विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है कि वृंदावन शोध संस्थान के पांडुलिपि संग्रह एवं संदर्भ पुस्तकालय का उपयोग अपने शोध कार्यों में कर सकते हैं। संस्थान के निदेशक डॉ. राजीव द्विवेदी ने बताया कि डॉ. भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय से जुड़ने से संस्थान की शोध गतिविधियों में वृद्धि होगी तथा विश्वविद्यालय के शोध छात्रों को शोध के लिए नये अवसर उत्पन्न होंगे। संस्थान के निदेशक प्रो. ब्रजेश रावत ने अतिथियों का पटुका ओढ़ाकर स्वागत किया। संचालन डॉ. नीलम यादव ने किया।

## उ.प्र. शासन ने विद्या मन्दिर के दो छात्रों को किया सम्मानित



सम्मानित दो छात्रों के साथ पदाधिकारी।

**यूनिक समय, मथुरा।** कृष्ण चन्द्र गान्धी सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज के दो छात्रों को शासन ने सम्मानित किया है। विद्यालय के मीडिया प्रभारी उमेश शर्मा ने बताया कि विद्यालय के योगेश कुमार एवं रुद्रांश को जिले की टॉप–10 सूची में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने पर उत्तर प्रदेश शासन ने 21 हजार रुपये का चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा घोषित कक्षा 10 के परीक्षा परिणाम में योगेश कुमार ने जिले में प्रथम स्थान व भैया रुद्रांश ने पंचम स्थान प्राप्त किया था। यह पुरस्कार जिला मुख्यालय सभागार में विधायक एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने प्रदान किया। प्रबंधक एवं वित्तीय सलाहकार समीर बंसल एडवोकेट तथा प्रधानाचार्य विनय कुमार सिंह ने छात्रों को बधाई दी।

## अन्नपूर्णा देवी का जलाभिषेक कर फूल बंगला सजाया



फूल बंगला में विराजमान अन्नपूर्णा देवी की झांकी।

प्रमुख संवाददाता

**यूनिक समय, वृन्दावन।** प्रेम गली (बनखंडी) स्थित श्री अन्नपूर्णा देवी मंदिर में अवेद पाठी ब्राह्मणों ने जलाभिषेक कर फूल बंगला सजाया। अन्नपूर्णा देवी मां को नवीन पोषक व श्रृंगार धारण कर पूजन अर्चन द्वारा सुन्दर कांड का पाठ किया। सभी भक्तों ने हनुमान चालीसा का पाठ एवं हनुमान आरती के साथ विद्वत संगोष्ठी का आयोजन संत विद्वानों की उपस्थिति में किया। मंदिर के सेवायत बिहारी लाल वशिष्ठ ने सभी संत, विद्वान एवं महंतों का स्वागत किया। संगोष्ठी में महामंडलेश्वर स्वामी विज्ञानंद महाराज, महंत राम दास महाराज, आचार्य गोपाल भैया जी राम निवास शर्मा, आचार्य राम निहोर शास्त्री आदि उपस्थित थे। संचालन श्रीगोपाल वशिष्ठ एवं देवेश वशिष्ठ ने किया।

## पुलिस ने चाकू धारी को किया गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** गोवर्धन पुलिस ने एक अभियुक्त को बाबूलाल कॉलेज तिराहे के समीप से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त जाहिद निवासी मड़ौरा थाना गोवर्धन के कब्जे से एक चाकू बरामद हुआ है।

## हत्या के मामले में दो वांछित गिरफ्तार

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना सदर बाजार पुलिस ने हत्या के मामले में वांछित चल रहे दो अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। हत्या के प्रयास के मुकदमे में अभियुक्त शिवम निवासी गिर्राज वाटिका टाउनशिप थाना रिफाइनरी और नवल किशोर निवासी छड़गांव हाल निवासी गिर्राज वाटिका काफी समय से वांछित चल रहे थे। पुलिस ने उन्हें औरंगाबाद कच्चे रास्ते से गिरफ्तार किया है।

## मोदी के नेतृत्व में विश्व की सबसे बड़ी शक्ति बनेगा भारत: मानवेन्द्र



भाजपा द्वारा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 11 वर्ष के कार्यकाल पर कृष्णापुरी के एक होटल पर आयोजित प्रोफेशनल को संबोधित करती आगरा की मेयर हेमलता दिवाकर।

वरिष्ठ संवाददता

**यूनिक समय, मथुरा।** भारतीय जनता पार्टी की ओर से एक होटल पर प्रोफेशनल मीट का आयोजन किया। भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष मानवेंद्र सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत वर्ष 2047 तक विश्व की सबसे बड़ी शक्ति के रूप में स्थापित होगा। प्रधानमंत्री देश की राजनीति से भ्रष्टाचार और परिवारवाद को समाप्त करने का कार्य कर रहे हैं। आगरा नगर निगम की महापौर हेमलता दिवाकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया का विश्वास जीतने का कार्य किया और राजनीति में नई संस्कृति विकसित की है। राज्यसभा सांसद चौ तेजवीर सिंह ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने देशवासियों में राष्ट्रवाद की भावना जागृत की, सेनाओं को सशक्त किया, इसका परिणाम यह है कि अलगाववादी

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दुनिया का विश्वास जीतने का कार्य किया : हेमलता दिवाकर

### मोदी सरकार के 11 वर्ष पूरे होने पर जिला भाजपा ने प्रोफेशनल मीट की

बातें करने वाले लोग भी आज तिरंगे के नीचे खड़े होकर वंदे मातरम का गायन करने लगे हैं। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष निर्भय पाण्डे ने की। प्रोफेशनल मीट में जिला महामंत्री सतपाल चौधरी, महिला मोर्चा की अध्यक्ष मुदिता शर्मा, जिला मीडिया प्रभारी श्याम चतुर्वेदी, मेडुकांत, अमन ठाकुर, आकाश चौधरी, जिला महामंत्री भानु प्रताप सिंह, सुरेश तरकर, तरुण सैनी, मनीषा पाराशर, नरेंद्र गौतम तथा करन सिंह आदि मौजूद थे। संचालन जिला महामंत्री अनिल चौधरी ने किया।

## एचपीवी से रूबरू हुए राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी के विद्यार्थी

**यूनिक समय, मथुरा।** राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी में आयोजित एक अतिथि व्याख्यान में डॉ. विशाल गुप्ता ने विद्यार्थियों को ह्यूमन पेपिलोमा वायरस (एचपीवी) के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि एचपीवी एक सामान्य यौन संचरित वायरस है जो त्वचा से त्वचा के संपर्क से फैलता है। यह वायरस अक्सर बिना लक्षणों के होता है और अधिकांश मामलों में शरीर की प्रतिरक्षा प्रणाली इसे समाप्त कर देती है। हालांकि, कुछ मामलों में यह सर्वाइकल, गुदा, योनि, लिंग और ऑरोफरीन्जियल कैंसर का कारण बन सकता है। डॉ. गुप्ता ने विद्यार्थियों को बताया कि एचपीवी से बचाव का सबसे प्रभावी तरीका टीकाकरण है। भारत में उपलब्ध बाइवेलेंट और क्वाड्रिवेलेंट एचपीवी



अतिथि वक्ता डॉ. विशाल गुप्ता के साथ राजीव एकेडमी फॉर फार्मेसी के संकाय सदस्य।

वैक्सीन्स सर्वाइकल और अन्य कैंसर के जोखिम को 80%–90% तक कम कर सकती हैं। डॉ. गुप्ता ने यह भी बताया कि यदि कोई व्यक्ति एचपीवी से संक्रमित हो जाता है, तो उसे समय–समय पर डॉक्टर से उचित निदान कराना चाहिए। टीकाकरण के माध्यम से एचपीवी से बचाव संभव है। आर.के. एज्यूकेशनल ग्रुप के अध्यक्ष डॉ. रामकिशोर अग्रवाल और प्रबंध निदेशक मनोज अग्रवाल ने इस आयोजन की सराहना की और विद्यार्थियों से आग्रह किया कि वे एचपीवी के बारे में प्राप्त जानकारी का समाज में प्रसार करें। संस्थान के

### ह्यूमन पेपिलोमा वायरस का निदान टीकाकरण से ही सम्भव : डॉ. विशाल गुप्ता

निदेशक प्रो. (डॉ.) हिमांशु चोपड़ा ने भी इस विषय पर विद्यार्थियों को जागरूक किया और फार्मेसी क्षेत्र में युवाओं की भूमिका को महत्वपूर्ण बताया। इस कार्यक्रम का संचालन सांस्कृतिक विभाग की अधिकारी प्रतीक्षा राजोरिया, मनु शर्मा, पवन पाण्डेय और कुलदीप सिंह ने किया। कार्यक्रम में डॉ. मयंक कुलश्रेष्ठ, सोनम शाह, विभा, बृजनंदन दुबे, आकाश गर्ग, शिवेंद्र कुमार, सोनम बंसल, ऋतिक वर्मा, सौम्यदीप मुखर्जी, अविनाश मिश्रा, बृजेश शर्मा आदि ने भाग लिया और कार्यक्रम की सराहना की।

## पूर्व ऊर्जा मंत्री ने सम्मानित किए जिले के मेधावी

# समारोह : मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मान पाकर हुए गदगद

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल एवं इंटर मीडिएट की परीक्षा 2025 के उत्तीर्ण मेधावी छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आज लोकभवन लखनऊ में आयोजित किये गया। कार्यक्रम का स्थानीय कलेक्ट्रेट सभागार में लाइव प्रसारण देखा गया। इसमें प्रदेश के मेधावी छात्र-छात्राओं को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सम्मानित किया। मुख्यमंत्री का संबोधन भी सुना। इस अवसर पर जिले के 18 कॉलेजों के 20 छात्र-छात्राओं को विधायक एवं पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा ने सम्मानित किया गया। विधायक के हाथों सम्मान पाकर छात्रों के चेहरे खिल उठे। श्रीकांत शर्मा ने कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान इस वर्ष हाईस्कूल परीक्षा में योगेश कुमार, हेमा, विवेक, कनिष्का पचहरा, कामिनी, उमा गौतम, रूद्रांश, अंशुल कुमार, तुषार चौधरी, आकाश सारस्वत, इंटर मीडिएट में काजल, नितिन, कृष्णा झा, आईशा कुरैशी, प्रशांत सारस्वत, गगन चौधरी, विपन कुमार, युवराज, आकाश, हर्षिता वर्मा को क्रमश प्रथम से लेकर दसवां स्थान प्राप्त करने पर सम्मानित किया। इस अवसर पर एडीएम वित्त डॉ. पंकज कुमार, डीआईओएस रवीन्द्र सिंह, बीएसए सुनील दत्त, एडीआईओएस यशपाल सिंह, विभिन्न विद्यालयों के प्रधानाचार्य आदि उपस्थित थे।



लोक भवन लखनऊ में माध्यमिक शिक्षा परिषद की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की परीक्षा में प्रदेश में प्रथम दस स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों के सम्मान समारोह को कलेक्ट्रेट सभागार में लाइव देखते पूर्व ऊर्जा मंत्री श्रीकांत शर्मा, एडीएम वित्त एवं राजस्व डॉ. पंकज वर्मा।

### लोकभवन में मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किए छात्रों का लाइव प्रसारण देखा

## कार ने ई रिक्शा को टक्कर मारी, चार लोग घायल

**यूनिक समय, मथुरा।** गोकुल बैराज के समीप ई-रिक्शा को एक स्विफ्ट कार ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में ई रिक्शा चालक और तीन महिलाएं घायल हो गई। घायल महिलाओं में से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है। एक ई रिक्शा में तीन महिलाएं बैठी हुई थी। ई रिक्शा जैसे ही गोकुल बैराज के निकट पहुंचा। इस बीच चालक ने ई रिक्शा को मोड़ दिया। महावन की ओर से आती स्विफ्ट कार ई रिक्शा से टकरा गई। दुर्घटना इतनी तेज थी कि कार की टक्कर से ई रिक्शा का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और चालक निकल कर सड़क पर जा गिरा। दुर्घटना में तीनों महिलाएं घायल हो गई। मौके पर लोगों की भीड़ एकत्रित हो गई। पुलिस को भी बुलाया गया। चालक ने घायलों को कार से अस्पताल पहुंचाया। मौके पर पहुंची पुलिस दुर्घटना के बारे में जांच कर रही है।

## खाटू श्याम से गायब बालक मथुरा मे मिला

### मां लगा रही बच्चे के अपहरण का आरोप, युवक ने किया इंकार

### पुलिस मामले की कर रही है जांच

**यूनिक समय, मथुरा।** राजस्थान के सीकर खाटू श्याम से लापता 3 साल का बालक मथुरा में मिला। पुलिस बच्चे और युवक को अपने साथ ले गई। बच्चे को उसकी मां को सौंप दिया गया है। मां ने बच्चे को अपहत करने का आरोप लगाया जबकि युवक ने इस बात से इंकार किया है। पुलिस मामले की छानबीन कर रही है। स्योहरा का नगला प्रतापगढ़ का रहने वाला सतीश शेरगढ़ में रहता है। वह खाटू श्याम के दर्शन करने के लिए जाता रहता है। छह जून को भोपाल की ललिता अपनी मां आशा अहिरवार और बेटे रक्षम के साथ छह जून को खाटूश्यम के दर्शन के लिए पहुंची। इस दौरान मां बेटियों की सतीश से मुलाकात हो गई। खाटू श्याम के दर्शनों के लिए भीड़ अधिक होने के कारण श्याम ने बच्चे रक्षम को लाइन में लगने के दौरान अपनी गोद में ले लिया और दोनों महिलाओं से दर्शन करके आने के लिए कहा। इसके बाद दोनों महिलाएं दर्शन करने के बाद लौटी तो बच्चा और सतीश वहां नहीं मिला। महिलाओं ने इस मामले की शिकायत पुलिस से की। पुलिस ने सीसी टीवी कैमरे की फुटेज चेक की। इसी दौरान सतीश का कहना है कि वह बच्चे को लेकर छह घंटे दोनों महिलाओं का इंतजार करता रहा, लेकिन उनका कुछ पता नहीं लगा। वह बच्चे को लेकर अपने गांव चलाया। उसने गांव प्रधान को अपने भाई से इस बारे में सूचना पुलिस को करने को कहा था। प्रधान ने पुलिस को इस बारे में सूचना दे दी थी। वहीं राजस्थान पुलिस बच्चे की तलाश में सतीश के घर पहुंच गई। इस मामले में सतीश ने बच्चे का अपहरण करने से इंकार किया। पुलिस बच्चे और सतीश को अपने साथ पूछताछ के लिए ले गई है।




उठावनी

स्व. श्री संजय अग्रवाल

अत्यंत दुःख के साथ सूचित करना पड़ रहा है कि हमारे पूज्यनीय पिताजी श्री संजय अग्रवाल (संगीत सिनेमा वाले) पुत्र स्व. श्री दाउदयाल जी कसेरे का आकस्मिक निधन दिनांक 11.06.2025 को हो गया है। उठावनी दिनांक 13.06.2025 दिन शुक्रवार को महिलाओं एवं पुरूषों की सायं 5 से 6 बजे तक अग्रवाटिका, सरस्वती कुंड, मथुरा पर होगी।

शोकाकुल

रूचि अग्रवाल (पत्नी) उमंग-रोली, तरंग-निधि (पुत्र-पुत्रवधू) बाँके बिहारी (टेंट वाले) (चाचाजी) महेश चंद अग्रवाल 'कसेरे' (साड़ी वाले)-ऊषा अग्रवाल (भाई-भाभी) शकुंतला देवी पत्नी स्व. श्री रमेश चंद जी कसेरे (भाभी) शोभित-शिखा (भतीजा-भतीजावधू) शशि-प्रकाश अग्रवाल (आगरा), गिरधारी अग्रवाल (मथुरा), पूनम-सतीश चंद जैन (आगरा) (बहन-बहनोई) दिनेश चंद, प्रेम बाबू (चचेरे भ्राता) गौरांग, आकर्ष, मोहक, अंश, आरिव (पौत्र)

प्रतिष्ठान

• श्री कृष्णा बेवरेज • श्री कृष्णा एंटरप्राइजेज
• महेश टैक्सटाइल्स 9837082726, 9719016036

ससुराल पक्ष: महेश कुमार-पंकज अग्रवाल, केदारनाथ हरिशंकर सर्राफ (मथुरा)



स्व.श्री संजय अग्रवाल जी

शोक संवेदना

हमारे प्रिय मित्र तरंग अग्रवाल के पूज्यनीय पिताजी श्री संजय अग्रवाल जी (संगीत सिनेमा) के आकस्मिक निधन पर हम सभी मित्रगण शोक संवेदना प्रकट करते हैं एवं परमपिता परमेश्वर से प्रार्थना करते हैं कि शोकाकुल परिवारीजनों को धैर्य प्रदान करें एवं दिवंगत आत्मा को शांति प्रदान करें तथा अपने श्री चरणों में स्थान दें।

ऊँ शांति..... शांति..... शांति.....

रवीश अग्रवाल, अर्पित मित्तल, नंदन अग्रवाल
देवेश अग्रवाल, प्रतीक अग्रवाल, तन्मय मंगला
शगुन अग्रवाल, कुलदीप बंसल


## पुलिस चौकी के सामने फ्लाई ओवर से मिला करन का शव

### शराब पीने की लत ने घर से निकलवा दिया

**यूनिक समय, मथुरा।** रिफाइनरी पुलिस चौकी के फ्लाईओवर के नीचे से मिला शव आगरा के करन सिंह का निकला। उसके परिवार के लोगों ने मृतक की शिनाख्त की। रिफाइनरी पुलिस को सूचना मिली थी कि फ्लाइओवर के नीचे एक वृद्ध का शव पड़ा हुआ है। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव का पंचनामा करने के बाद उसे मोर्चरी भेज दिया। करन सिंह मूल रूप से आगरा का रहने वाला था। वह टाउन शिप इलाके में पिछले कई साल से रह रहा था। शराब पीने की लत के चलते उसे टाउन शिप में रहने वालों ने भी घर से निकाल दिया। इसके बाद वह किसी के घर पर काम करने लगा।

वहां से भी शराब के चलते हटा दिया गया। इसके बाद उसने मांगना शुरू कर दिया और शराब पीकर फ्लाई ओवर के नीचे ही सो जाता था। पुलिस को उसके पास से डॉक्टर के दवाई के पर्चे भी मिले थे।

इस तरह लोगों ने मोर्चरी पर पहुंचकर उसकी शिनाख्त की।

## बाइक सवार की सड़क दुर्घटना में हुई मौत

**यूनिक समय, मथुरा।** थाना नौहझील के सिंकदरपुर के समीप बाइक सवार को किसी अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में बाइक सवार युवक की मौत हो गई। थाना छाता के नौगांव निवासी युवक राजपाल अपनी रिश्तेदारी में नौहझील इलाके में गया था। रिश्तेदारी से लौटते समय बाइक को किसी वाहन ने टक्कर मार दी। दुर्घटना में घायल युवक की मृत्यु हो गई। दुर्घटना का पता लगने पर मौके पर पहुंची पुलिस ने युवक के शव का पंचनामा करने के बाद पोस्ट मार्टम के लिए भेज दिया। युवक के परिवारिजनों को जब इस दुर्घटना का पता लगा तो वहां कोहराम मच गया।

## डंपर ने दो लोगों को रौंदा एक की मौत, दूसरा घायल

**यूनिक समय, आगरा।** थाना शाहगंज क्षेत्र में मंगलवार देर रात तेज रफ्तार डंपर ने दो राहगीरों को जोरदार टक्कर मार दी। इस हादसे में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल हो गया। मृतक की पहचान नरीपुरा निवासी 50 वर्षीय मुवीन के रूप में हुई है। जानकारी के अनुसार, मुवीन अपने एक साथी के साथ देर रात नरीपुरा स्थित एक निजी अस्पताल में दवा लेने जा रहे थे। वे सड़क किनारे चल रहे थे। मलपुरा की ओर से आ रहा तेज रफ्तार डंपर बेकाबू हो गया और दोनों को रौंदता हुआ निकल गया। हादसे की तेज आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। तुरंत पुलिस को सूचना दी। शाहगंज थाना पुलिस पहुंची। दोनों घायलों को एसएन मेडिकल कॉलेज भिजवाया। इलाज के दौरान डॉक्टरों ने मुवीन को मृत घोषित कर दिया। उनका साथी अस्पताल में भर्ती है और उसकी हालत गंभीर बताई जा रही है। घटना से गुस्साए लोगों ने घटनास्थल से भागने की कोशिश कर रहे डंपर चालक को पकड़ लिया और उसे पुलिस के हवाले कर दिया। थाना शाहगंज प्रभारी निरीक्षक ने बताया कि परिजनों की तहरीर के आधार पर डंपर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। आरोपी चालक को हिरासत में ले लिया गया है। वाहन को जब्त कर लिया गया है।




# न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट के चैम्बर की छत का प्लास्टर गिरा





न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट के चैम्बर की छत का गिरा प्लास्टर।

संवाददाता

**यूनिक समय, छाता।** तहसील परिसर में स्थित न्यायालय न्यायिक मजिस्ट्रेट के चैम्बर की छत का प्लास्टर आज दोपहर करीब 11 बजे अचानक टूट कर गिर पड़ा। आवाज सुनकर कोर्ट में मौजूद लोग चैम्बर की ओर दौड़ पड़े। चैम्बर में कार्य कर रहे स्टेनो बाल–बाल बचें। न्यायालय के स्टेनो चैम्बर में कम्प्यूटर पर कार्य कर रहे थे, उधर न्यायालय में कर्मचारी अधिवक्ता भी तरीकों के कार्य में लगे हुए थे। इसी दौरान न्यायिक मजिस्ट्रेट के चैम्बर की छत का प्लास्टर टूट कर नीचे गिर पड़ा।

हादसे में स्टेनो बाल–बाल बचें। प्लास्टर गिरने की आवाज सुनकर न्यायालय में कार्य कर रहे कर्मचारी व अधिवक्ता चैम्बर की ओर दौड़ पड़े। प्लास्टर गिरने से चैंबर में लगी लाइट, पंखा, टेबल, कुर्सी आदि सामान क्षतिग्रस्त हो गया। जानकारी के मुताबिक न्यायिक मजिस्ट्रेट छुट्टी पर थे।

# चांदी फैक्ट्री में विस्फोट, दो मजदूरों की मौत, चार गंभीर घायल

**यूनिक समय, आगरा।** थाना कोतवाली क्षेत्र स्थित किनारी बाजार में एक चांदी फैक्ट्री में गैस का सिलेंडर फटने से बड़ा विस्फोट हो गया। फैक्ट्री की तीन भट्टियों में एक के बाद एक धमाके हुए, जिससे पूरी इमारत थर्रा उठी। इस दर्दनाक हादसे में दो मजदूरों की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से झुलस गए हैं। घटना गुरुवार दोपहर में करीब दो बजे की है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, चौबेजी के फाटक के सामने स्थित इस फैक्ट्री में चांदी गलाने का काम चल रहा था। फैक्ट्री तीसरी मंजिल पर संचालित हो रही थी। अचानक एक जोरदार धमाका हुआ, फिर थोड़ी देर में दो और भट्टियों में विस्फोट हो गया। धमाके की आवाज इतनी तेज थी कि आसपास की दुकानों के शीशे चटक गए और बाजार में अफरा तफरी मच गई। धमाके के चलते फैक्ट्री की इमारत का एक हिस्सा क्षतिग्रस्त हो गया। एक मजदूर तो धमाके की तीव्रता से तीसरी मंजिल से बाहर आकर सीधे सड़क पर गिर पड़ा। चारों ओर धुएं का घना गुबार फैल गया, जिससे पूरे बाजार में भगदड़ जैसी स्थिति बन गई। सूचना मिलते ही दमकल विभाग की कई गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और घंटों की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। झुलसे हुए मजदूरों को तत्काल अस्पताल में भर्ती कराया गया। घटना का एक सीसीटीवी फुटेज भी सामने आया है, जिसमें देखा जा सकता है कि धमाके के बाद गली से गुजर रहे एक राहगीर पर चिंगारी गिरी। वहां मौजूद दुकानदारों ने तुरंत पानी डालकर उसे बचाया। पुलिस और प्रशासन ने सुरक्षा की दृष्टि से पूरे किनारी बाजार और चौबेजी फाटक क्षेत्र को बंद करा दिया है। सर्राफा बाजार की सभी दुकानों को भी ऐहतियातन बंद करवा दिया गया है। डीसीपी सिटी सोनम कुमार ने बताया कि प्रथम दृष्टया यह हादसा चांदी गलाने के दौरान गैस सिलेंडर में आग लगने से भट्टी फटने के कारण हुआ लगता है। घटनास्थल की जांच के लिए फॉरेंसिक टीम भी बुलाई गई है। फैक्ट्री मालिक से भी पूछताछ की जा रही है कि सुरक्षा मानकों का पालन क्यों नहीं किया गया।

# टेंपो चालक की मौत से गुस्साए ग्रामीण

## थाने पर हंगामा, कई थानों का फोर्स राया पहुंचा, एक गिरफ्तार



राया थाने पर प्रदर्शन करते लोग।



पीड़ित को समझाते पुलिस के अधिकारी।

**यूनिक समय, राया (मथुरा)।** थाना राया क्षेत्र के अंतर्गत बलदेव मार्ग पर एक टेम्पो चालक से तीन नामजदों ने किसी बात को लेकर मारपीट कर दी। चार दिन बाद टेम्पो चालक की दिल्ली में उपचार के दौरान मौत हो गयी। गुस्साए परिजनों व ग्रामीण शव को थाना ले आये और थाना पर हंगामा काटा। हंगामे की सूचना पर कई थानों का फोर्स राया पहुंच गया। जानकारी के अनुसार गांव बना निवासी भूपेंद्र राया में टेम्पो चलाता है। 8 जून को दोपहर किसी बात को लेकर विकास चौधरी की भूपेंद्र से कहासुनी हो गयी। इस दौरान विकास ने कारखाने से अन्य लोगों को बुला लिया और लोहे की सरिया से भूपेंद्र को घायल कर दिया। उसे पुलिस ने उपचार के लिये मथुरा भेज दिया। हालात खराब होने पर घायल भूपेंद्र को चिकित्सको ने दिल्ली रेफर कर दिया। आज उपचार के दौरान भूपेंद्र की मौत हो गयी। मौत के बाद ग्रामीण शव को लेकर थाना राया पहुंच गए और हंगामा काटा। इस मामले में पुलिस ने विकास, पवन व एक अन्य अज्ञात के खिलाफ थाना राया में हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया। हंगामे की सूचना पर एसपी देहात सुरेशचंद्र रावत, क्षेत्राधिकारी महावन संजीव कुमार, मांट यमुनापार महावन बलदेव व अन्य थानों का फोर्स राया पहुंच गया। इस मामले में पुलिस ने एक आरोपी पवन को गिरफ्तार कर लिया। एसपी देहात ने बताया कि इस मामले की विवेचना क्षेत्राधिकारी महावन को सौंपी गयी है। आरोपियों के खिलाफ गुंडा एक्ट के तहत कार्यवाही कर आरोपियों को बख्शा नहीं जायेगा।

# सरकारी नियंत्रण से मुक्त हों मंदिर : देवकीनंदन



**यूनिक समय, वृन्दावन।** ठाकुर बांके बिहारी मंदिर कॉरिडोर एवं न्यास गठन पर धर्मगुरू देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज का बयान सामने आया है। कहा कि हम शुरू से ही मंदिरों को सरकारी नियंत्रण से मुक्त करने की मांग करते आ रहे हैं । उन्होने कहा कि 'सनातन बोर्ड' बनाकर हिंदू मंदिर एवं तीर्थ स्थलों की व्यवस्था स्थानीय सनातनी भावनाओं के अनुरूप करनी चाहिये। वृन्दावन में कंक्रीट का गलियारा न बने, बल्कि स्थानीय लोगों के सहयोग से तुलसी, लता–पता, वृक्षों से सजा मार्ग बने, जिसमें प्रवेश करते समय वास्तविक वृन्दावन का आभास हो। कहा कि मंदिर दर्शन को आने वाले तीर्थ यात्रियों के लिये व्यवस्था बनाना सरकार और प्रशासन का दायित्व है। गंगोत्री धाम में भागवत कथा कह रहे देवकीनंदन ठाकुरजी महाराज ने कहा कि बाँके बिहारी मंदिर की परमंपरागत सेवा–पूजा एवं व्यवस्था में बदलाव नहीं होना चाहिये। मुख्य मार्ग चौड़े होने चाहिये लेकिन वृन्दावन का सही मायने में विकास तभी माना जा सकता है जब निर्मल यमुना की जलधारा आने लगे। स्वच्छ यमुनाजल से ठाकुरजी को स्नान कराकर सेवा पूजा की जा सके। ब्रज–वृन्दावन मांस और मदिरा से मुक्त हो जायें।

# छाता में हुए बलवे में 11 लोग गिरफ्तार

## लाठी डंडे, टूटी बोतल, ईंट पत्थर व खोखा कारतूस मिले

## झगड़े में शामिल अन्य अभियुक्तों की गिरफ्तारी को दबिश जारी

**यूनिक समय, मथुरा।** छाता कसबे में बीती रात पैसे के लेन–देन के विवाद में एक ही समुदाय के दो पक्षों में हुए जमकर विवाद मारपीट, पथराव और फायरिंग मामले में पुलिस ने 11 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने लाठी–डंडे कांच की टूटी बोतलें व चले हुए कारतूस भी बरामद किए हैं। गौरतलब है कि बीती रात पैगांव रोड पर एक ही समुदाय के दो पक्ष भिड़ गए थे। इसमें एक पक्ष फरीद मैंबर व दूसरे पक्ष अफीक के बीच पैसे के लेनदेन को लेकर हुए विवाद का मामला पहले कोतवाली छाता में दर्ज कराया गया था। इसके बाद बुधवार की रात दोनों पक्षों के बीच फिर विवाद हो गया। दोनों पक्षों में जमकर लाठी डंडे चले। इसके साथ ही कांच की बोतल और पत्थरबाजी भी हुई। बात यहीं समाप्त हुई। फायरिंग भी होने लगी। इसके चलते इलाके में दहशत फैल गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने बड़ी मुश्किल से स्थिति को संभाला। पुलिस ने झगड़ा कर शांति को पलीता लगाने के मामले में अफ्रीक, इजराईल, सलीम, जीशान, शाकिर, सोनी, फेसन, नब्बी, सुल्तान, आबिद व खलील को गिरफ्तार कर लिया। झगड़े में शामिल अन्य लोगों की गिरफ्तारी के लिए पुलिस लगातार दबिश दे रही है।

# तीसरी आंख रखेगी हाईवे से पगडंडी तक पैनी नजर

## जिले में अपराध कर बदमाशों का बच निकलना होगा मुश्किल

## हाईवे पर हिट एंड रन की घटनाओं में भी आएगी कमी

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** हरियाणा, राजस्थान की सीमा से आए अपराधियों का अब जनपद में अपराध करके निकल भागना आसान नहीं होगा। दिन हो या रात 24 घंटे हाईवे से कच्ची पगडंडी तक तीसरी आंख अपराधियों पर नजर रखेगी। कंट्रोल रूम में बैठक कर तकनीकी एक्सपर्ट हर हरकत को वॉच कर सकेंगे। गांव से शहर तक हर प्रमुख तिराहे चौराहे पर भी हाई जूम कैमरे लगाये जा रह हैं। अब राष्ट्रीय राजमार्ग को और सुरक्षित किया जा रहा है। कोई अपराधी क्राइम करके अथवा कोई वाहन चालक हिट व रनकर भागने की अगर कोशिश करगा अथवा तेज गति से वाहन दौड़ा कर भाग जाएगा तो यह मत समझिए कि आप बच गए हैं, क्योंकि आगरा मथुरा हाईवे रैपुरा जाट बॉर्डर चार जगहों पर सीसीटीवी के हाई जूम कैमरे लगाए गए हैं। जिससे अब आसानी से किसी भी मामले की तह तक पहुंचने व उसे ट्रैस करने में आसानी होगी। थाना प्रभारी फरह संजय पांडेय द्वारा हाईवे पर लगभग सभी जगह कैमरा लगाने का प्लान है, लेकिन बुधवार को आगरा मथुरा बॉर्डर ओर रैपुरा जाट अंडर पास पुलिस चौकी ओर फरह के मुख्य चौराहे पर कैमरे लगाए गये हैं। यह आधुनिक तकनीक से लैस कैमरे हैं। जानकारी के अनुसार किसी चौक या चौराहे पर दूसरे आम कैमरों की बजाए वहां पर 360 डिग्री घूमने वाला बड़ा कैमरा लगाया जा रहा है जो कि पूरे चौराहे को कवर करेगा। हाईवे पर लगने वाले सभी कैमरों का कंट्रोल थाना प्रभारी, चौकी प्रभारी के मोबाइल में रहेगा। पुलिस अधिकारी इसकी पूरी निगरानी करेंगे। कहीं भी कोई घटना होने पर तुरंत कैमरों की फुटेज देख कर सारी स्थिति सामने आ जाएगी। कैमरों के लगने से अब जहां लोगों का आवागमन सुरक्षित होगा वहीं अपराधियों द्वारा अपराध कर पुलिस से बच निकलना मुश्किल होगा।



## सुविचार

बड़ा सोचो, लगातार सीखो, और कभी हार मत मानो।

## कल का पंचांग

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| तिथि | तृतीया | 03:19-03:47 तक | पक्ष | कृष्ण पक्ष |
| नक्षत्र | उत्तराषाढ़ा | 11:20-12:21 तक | माह | ज्येष्ठ |
| सूर्योदय | | 5:44 AM | चन्द्रोदय | 09:15 PM |
| सूर्यास्त | | 7:09 PM | चंद्रास्त | 08:02 AM |
| सूर्य राशि | | वृषभ राशि | चंद्र | मकर राशि |
| शुभ मुहूर्त | 12:00AM –12:53 PM | | ब्रह्म मुहूर्त | 04:08-04:56 |
| त्योहार/व्रत | | | विक्रम संवत् | 2082 |
| राहुकाल | 10:46AM–12:26AM | | वार | शुक्रवार |

## ब्रज के मंदिरों के दर्शन




ब्रज की सभी कथा और श्री राधा कृष्ण की सभी लीलाओं के दर्शन यूनिक समय चैनल के माध्यम से करें।

**Youtube Channel : https://youtube.com/uniquesamay**

### यम द्वार से प्रारंभ होती है कैलाश पर्वत की परिक्रमा

# अगर इस द्वार पर किसी ने बिताई रात तो हो जाएगी मौत!

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** कैलाश मानसरोवर क्षेत्र में कई धार्मिक और रहस्यों से भरे स्थान मौजूद हैं। कैलाश यात्रा पर जाने वाले लोग कैलाश के निकट स्थित इन जगहों पर भी अवश्य जाते हैं। कैलाश के पास मानसरोवर झील, अष्टपद, सप्तऋषि गुफाएं और यम द्वार धार्मिक रूप से बेहद खास स्थान हैं। इन सभी का अपना अलग महत्व है। ऐसे में आज हम आपको अपने इस लेख में यम द्वार से जुड़ी रहस्यमयी बातों और मान्यताओं के बारे में जनाकारी देने जा रहे हैं।



**यम द्वार :** यम द्वार का अर्थ है– मृत्यु के देवता का प्रवेश द्वार। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार यम देव भगवान शिव के पवित्र कैलाश की रक्षा करते हैं। यम द्वार से होते हुए ही श्रद्धालु कैलाश पर्वत की परिक्रमा के लिए निकलते हैं, कैलाश परिक्रमा का यह प्रथम पड़ाव है। यम देवता की दिशा दक्षिण है इसलिए यम द्वार भी इसी दिशा में स्थित है। तिब्बती भाषा में यम द्वार को तारबोचे के नाम से पुकारा जाता है। यम द्वार पर एक ध्वज स्तंभ स्थापित रहता है जिसे हर वर्ष में एक बार पूर्णिमा के दिन बदला जाता है। इस दिन तिब्बती लोगों के द्वारा यहां धार्मिक आयोजन किया जाता है। कैलाश मानसरोवर की यात्रा करने वाला हर श्रद्धालु यम द्वार से होकर कैलाश की परिक्रमा के लिए निकलता है। आपको बता दें कि साल 2025 में जून के अंतिम सप्ताह से कैलाश मानसरोवर की यात्रा शुरू हो जाएगी।

**यम द्वार के रहस्य :** कैलाश पर्वत के पास स्थित यम द्वार से जुड़े कई रहस्य भी हैं।

माना जाता है कि अगर कोई व्यक्ति यहां रुके तो उसकी मृत्यु हो जाती है। कई ऐसी घटनाएं अतीत में घटित भी हुई हैं, जब लोगों ने इस द्वार के निकट रात बितानी चाही और अज्ञात कारणों से उनकी मृत्यु हो गई। विज्ञान भी इस बात का जवाब देने में असमर्थ है कि यहां रुकने पर लोगों की मृत्यु क्यों हो जाती है। लोक मान्यताओं के अनुसार, एक बार यम द्वार को पार करके आप कैलाश पर्वत की परिक्रमा के लिए निकल गए तो गलती से भी पीछे मुड़कर नहीं देखना चाहिए। अगर आप ऐसा करते हैं तो नकारात्मकता आपको घेर सकती है।

**हिंदू धर्म में यम द्वार से जुड़ी मान्यता :** धार्मिक शास्त्रों के अनुसार, यम देवता मृत्यु के बाद मनुष्य की आत्मा को उसके कर्मों के अनुसार गति देते हैं। शुभ कर्म करने वालों को जहां स्वर्ग की प्राप्ति होती है, वहीं पाप कर्म करने वाली आत्मा को नर्क मिलता है। यम लोक में हर आत्मा के कर्मों का लेखा जोखा लिखा होता है। चित्रगुप्त जो यमराज के लेखाकार हैं उनके पास आत्मा के पाप, पुण्य की संपूर्ण जानकारी होती है। हिंदू मान्यताओं के अनुसार, अगर कोई व्यक्ति मृत्यु से पूर्व यम द्वार से गुजरकर कैलाश की परिक्रमा कर ले तो उसके सभी बुरे कर्मों को चित्रगुप्त माफ कर देते हैं। ऐसा करने पर आत्मा को स्वर्ग में स्थान प्राप्त होता है। इसलिए यम द्वार का हिंदू धर्म में बड़ा स्थान माना गया है।

# प्रेमानंद महाराज ने बताए सुखी वैवाहिक जीवन के पांच मूल मंत्र



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पति–पत्नी का रिश्ता प्यार, विश्वास और सम्मान की डोर से बंधा होता है। जब रिश्ते में शक, लालसा और जलन की भावना बढ़ने लगती है, तो इससे दूरियां आने लगती हैं। ऐसे में जरूरी है कि समय रहते आप अपने रिश्ते को बचाने के लिए कुछ टिप्स को अपनाए। आज हम आपको प्रेमानंद महाराज द्वारा बताए गए पति के पांच कर्तव्य के बारे में बताने जा रहे हैं, जिन्हें अगर हर एक पति फॉलो करता है, तो उनके वैवाहिक जीवन में सदा खुशियां बनी रहेंगी।

**गुप्त बातें शेयर न करें**

प्रेमानंद महाराज के अनुसार, अगर आपको अपने वैवाहिक जीवन को सुखी बनाना है, तो इसके लिए पत्नी की गुप्त बातों को गलती से भी अपने माता–पिता को न बताएं। अगर आपको पत्नी की कोई बात अच्छी नहीं लगी या उनकी कोई आदत अच्छी नहीं लगती है, तो उस बारे में अपने पार्टनर से बात करें। उन्हें समझाने का प्रयास करें, लेकिन कभी भी उनकी शिकायत अपने माता–पिता, दोस्तों और रिश्तेदारों से न करें।

**लड़ाई के बारे में तीसरे इंसान को न बताएं**

लड़ाई हर एक कपल के बीच होती है, लेकिन उसके बारे में कभी भी किसी तीसरे इंसान को नहीं बताना चाहिए। सुखी वैवाहिक जीवन का सबसे बड़ा मूल मंत्र है कि पार्टनर से अपनी लड़ाई की बात किसी अन्य व्यक्ति को न बताएं। दरअसल, लड़कों की आदत होती है कि जब उनकी पार्टनर या पत्नी से लड़ाई होती है, तो वो उसके बारे में अपने दोस्तों को बता देते हैं। पर ऐसा नहीं करना चाहिए। इससे आप दोनों के बीच परेशानियां आ सकती हैं।

**पत्नी का साथ दें**

प्रेमानंद महाराज का कहना है कि एक पति को सदा अपनी पत्नी का साथ देना चाहिए। विकट से विकट परिस्थिति में भी उनका साथ न छोड़ें। अगर आप हर एक परिस्थिति में उनका साथ निभाते हैं, तो आपके वैवाहिक जीवन में सदा मिठास बनी रहेगी।

**पत्नी की तुलना न करें**

आमतौर पर पत्नी में जलन की भावना होती है। वो अपने पति को किसी के साथ भी बांटना पसंद नहीं करती हैं। इसके अलावा पत्नी को सबसे ज्यादा क्रोध तब आता है, जब उनका पति उनकी तुलना किसी पराई स्त्री से करता है। उनके सामने किसी और महिला की तारीफ करता है। इसलिए पति को कभी भी अपनी पत्नी की तुलना किसी भी अन्य महिला से नहीं करनी चाहिए।

**पत्नी की सलाह लें**

प्रेमानंद महाराज का मानना है कि पति को हर कार्य में अपनी पत्नी का साथ देना चाहिए। इसी के साथ अपनी जिंदगी से जुड़ा कोई भी फैसला लेने से पहले पत्नी की सलाह लें। खासतौर पर पारिवारिक मामलों में पत्नी का साथ दें। उनका सम्मान करें और उनके फैसलों की भी इज्जत करें।

**राधारानी के परम भक्त हैं प्रेमानंद महाराज**

प्रेमानंद महाराज श्री कृष्ण और राधा रानी के भक्त हैं। जो वृंदावन में मौजूद 'राधा केली कुंज' आश्रम में प्रवचन देते हैं। बाबा के प्रवचन को सुनने के लिए दूर–दूर से लोग वृंदावन जाते हैं। प्रवचन के जरिए बाबा लोगों को हिंदू धर्म से जुड़ी अहम बातों के बारे में बताते हैं।

# गर्मी में बदला खाटू श्याम मंदिर की आरती का समय

**यूनिक समय, मथुरा।** राजस्थान के सीकर जिले में स्थित विश्व प्रसिद्ध खाटू श्याम जी मंदिर में गर्मियों के चलते आरती के समय में बदलाव किया गया है। मंदिर कमेटी ने ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष से आषाढ़ कृष्ण पक्ष के बीच बढ़ती गर्मी को ध्यान में रखते हुए बाबा श्याम की दो मुख्य आरतियों श्रृंगार और संध्या आरती के समय में परिवर्तन किया है। अब सुबह की श्रृंगार आरती 6:45 बजे और संध्या आरती 7:45 बजे होगी।




खाटू श्याम मंदिर में प्रतिदिन पांच आरतियां होती हैं। गर्मी के अनुसार नई समय–सारणी इस प्रकार है पहली मंगला आरती सुबह 4:30 बजे, दूसरी श्रृंगार आरती 6:45 बजे, तीसरी भोग आरती दोपहर 12:30 बजे, चौथी संध्या आरती 7:45 बजे और अंतिम शयन आरती रात 10:00 बजे होगी।

श्रृंगार और संध्या आरती मंदिर की सबसे महत्वपूर्ण आरतियों में गिनी जाती हैं। इन समयों पर मंदिर में भक्तों की सबसे अधिक भीड़ होती है, क्योंकि इन आरतियों के दौरान बाबा श्याम का विशेष श्रृंगार किया जाता है और वे भव्य रूप में भक्तों को दर्शन देते हैं। आरती के दौरान बाबा के दर्शन करना अत्यंत पुण्यदायक और आत्मिक शांति देने वाला माना जाता है।

मंदिर प्रशासन ने सभी भक्तों से अनुरोध किया है कि वे दर्शन के लिए आने से पहले आरती के नए समय को ध्यान में रखें, ताकि किसी असुविधा से बचा जा सके और भक्ति का पूरा लाभ मिल सके।

# शुक्र ऊर्जा का असंतुलन : आध्यात्मिक चेतावनी या सामाजिक अनदेखी?

**यूनिक समय, मथुरा।** हाल ही में देश भर में तीन ऐसी घटनाएँ हुईं जिन्होंने न केवल समाज को झकझोरा बल्कि एक गहरी आध्यात्मिक चिंता को भी जन्म दिया। सोनम रघुवंशी, जिसने अपने पति राजा रघुवंशी की रहस्यमयी मौत को जन्म दिया, मुस्कान रस्तोगी जिसने पति की हत्या कर शव को ड्रम में छुपा दिया और निकिता, जिसने घरेलू कलह से तंग आकर जीवन लीला समाप्त कर ली। ये घटनाएं केवल आपराधिक दृष्टिकोण से नहीं देखी जा सकतीं, बल्कि यह स्त्री ऊर्जा के असंतुलन का गंभीर संकेत हैं।



आज बेटियाँ डॉक्टर, इंजीनियर, मैनेजर बन रही हैं, जो निश्चित रूप से एक सामाजिक उपलब्धि है, लेकिन क्या इस प्रगति के साथ वे अपने भीतर के स्त्रीत्व, ऊर्जा–संयम और भावनात्मक संतुलन से दूर होती जा रही हैं? यह प्रश्न केवल शारीरिक नहीं, बल्कि ऊर्जात्मक स्तर पर भी विचारणीय है।

दुर्गा सप्तशती में उल्लेखित देवी के उग्र रूप को जब नियंत्रित करने की आवश्यकता पड़ी, तब देवताओं ने उन्हें श्रृंगारित किया–नाक में नथ, हाथों में चूड़ियाँ, गले में हार। यह श्रृंगार केवल सौंदर्य के लिए नहीं, बल्कि एक तांत्रिक उपाय था, जिससे देवी की प्रखर ऊर्जा को धरती पर टिकाया जा सके। आज की आधुनिक स्त्री "मैं जैसी हूं, वैसी ही ठीक हूं" की सोच में अपने ऊर्जा केंद्रों को अनदेखा कर रही है।

### हाल ही की घटनाओं ने पूरे देश को झकझोर दिया

महावैदिक जीवनशैली इस असंतुलन का समाधान प्रस्तुत करती है। इसके अनुसार शुक्र ग्रह स्त्री के भीतर सृजन, करुणा और सौंदर्य का वाहक है और इसे संतुलित रखने के लिए कुछ प्राचीन उपाय आवश्यक हैं:

**नाक और कान का छेदन:** यह ऊर्जा केंद्रों को सक्रिय करता है और मानसिक संतुलन प्रदान करता है।

**पायल या एंकलेट्स:** यह धरती की ऊर्जा को अवशोषित कर मूलाधार चक्रको संतुलित करता है।

**कला से जुड़ाव:** नृत्य, संगीत, चित्रकला आदि शुक्रऊर्जा को संतुलित कर स्त्री को भावनात्मक रूप से सशक्त बनाते हैं।

**पारंपरिक परिधान और गहनों का प्रयोग:** त्योहारों पर बेटियों को पारंपरिक पहनावा देना न केवल सांस्कृतिक जुड़ाव है, बल्कि ऊर्जा–संयम का भी माध्यम है।

महावैदिक सूत्र कहता है–"स्त्री में सौंदर्य तभी दिव्य बनता है, जब उसमें अनुशासन, श्रद्धा और सृजन का संगम हो।"

**लेखिका: आचार्य दीपिका जैन, महावैदिक कोच**

## सम्पादकीय

# बाल श्रम रोकने के लिए समर्पित पहल की आवश्यकता

भारत आज दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन चुका है और हर क्षेत्र में प्रगति की दिशा में तेज़ी से बढ़ रहा है। लेकिन इस विकास के समानांतर देश में आज भी लाखों बच्चे ऐसे हैं जो अपने बचपन की मासूमियत खोकर बाल श्रमिक के रूप में जीवन गुजार रहे हैं। यह एक विडंबना है कि बाल श्रम निषेध कानून के बावजूद बच्चे ईंट भट्ठों, बीड़ी कारखानों, आतिशबाजी उद्योग, कालीन बुनाई और घरेलू कामों जैसे जोखिम भरे कार्यों में लगे हुए हैं। बाल श्रमिकों की स्थिति अत्यंत दयनीय है। उनके न तो काम के घंटे तय हैं और न ही कोई निश्चित पारिश्रमिक। पेट भरने की मजबूरी और पारिवारिक जिम्मेदारियाँ उन्हें शोषण का शिकार बना देती हैं। यह केवल भारत की नहीं, बल्कि एक वैश्विक समस्या है। इसी को ध्यान में रखते हुए हर साल 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जाता है, ताकि समाज को बाल श्रम के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक किया जा सके। भारत सरकार ने 1986 में बाल श्रम निषेध एवं विनियमन कानून बनाया, जिसमें 14 वर्ष से कम उम्र के बच्चों से काम न कराने का प्रावधान है। लेकिन इस कानून के प्रभावी क्रियान्वयन में अब तक अपेक्षित सख्ती नहीं दिखी है। बाल श्रम का मूल कारण आर्थिक असमानता और गरीबी है। अधिकांश बच्चे अपने परिवार की सहायता के लिए काम करने को विवश होते हैं। इस प्रक्रिया में उनका बचपन, शिक्षा, स्वास्थ्य और विकास सब कुछ दांव पर लग जाता है। हाल के वर्षों में सरकार ने बाल श्रम उन्मूलन की दिशा में कई प्रयास किए हैं। वर्ल्ड बैंक की रिपोर्ट के अनुसार भारत के लगभग 27 करोड़ लोग अत्यधिक गरीबी से बाहर निकले हैं, जो एक सकारात्मक संकेत है। इसके बावजूद बाल श्रम की समस्या को पूरी तरह खत्म करने के लिए और अधिक ठोस कार्ययोजना की आवश्यकता है। शिक्षा को न केवल अनिवार्य बनाना होगा, बल्कि उसे रोजगार से जोड़ना भी जरूरी है ताकि बच्चों को पढ़ाई से भविष्य की आशा दिखे। इस दिशा में सरकार के साथ-साथ समाज की भागीदारी भी अत्यंत आवश्यक है। गैर-सरकारी संगठनों, स्थानीय समुदायों और मीडिया को बच्चों और उनके अधिकारों के प्रति जागरूकता फैलाने में सक्रिय भूमिका निभानी चाहिए। बच्चों को बाल श्रम से मुक्त कराकर शिक्षा, पोषण और सुरक्षा का माहौल देना हमारी सामूहिक जिम्मेदारी है। अंततः बाल श्रम केवल एक सामाजिक बुराई नहीं, बल्कि एक दुष्चक्र है, जो गरीबी, अशिक्षा और असमानता को और गहरा करता है। इससे लड़ने के लिए एक समन्वित, सशक्त और दीर्घकालिक पहल की आवश्यकता है जिसमें सरकार, समाज, शिक्षा तंत्र और जागरूक नागरिक एक साथ मिलकर कार्य करें। तभी हम एक ऐसे भारत की कल्पना कर सकते हैं, जहाँ हर बच्चा स्वतंत्र, शिक्षित और सुरक्षित हो।



पवन गौतम
संपादक

## नजरिया

# अब वक्त है पाकिस्तान और चीन से सीधी बात करने का

संतोष कुमार पाठक

भारत, पाकिस्तान और चीन के बीच बदलते संबंधों और वैश्विक राजनीति की जटिलताओं के बीच अब वह समय आ गया है जब भारत को इन दोनों देशों से स्पष्ट और दो टूक भाषा में बात करनी चाहिए। पिछले कुछ दशकों में पाकिस्तान ने आतंकवाद को जिस तरह से अपने कूटनीतिक हथियार के रूप में इस्तेमाल किया है, वह किसी से छिपा नहीं है। पाकिस्तान के नेताओं ने अब खुद भी यह स्वीकारना शुरू कर दिया है कि उनका देश सालों से आतंकियों को समर्थन देता रहा है। हाल ही में पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ ने स्काई न्यूज को दिए गए इंटरव्यू में यह स्वीकार किया कि पाकिस्तान ने तीन दशक तक अमेरिका और पश्चिमी देशों के लिए आतंकवाद को समर्थन देकर बड़ी गलती की। उन्होंने यह भी कहा कि अगर पाकिस्तान ने सोवियत संघ के खिलाफ युद्ध में या 9/11 के बाद की लड़ाई में हिस्सा नहीं लिया होता, तो उसका रिकॉर्ड आज कहीं बेहतर होता।

इस बयान ने एक बार फिर इस बात की पुष्टि कर दी कि आतंकवाद, पाकिस्तान की नीतियों का अभिन्न हिस्सा रहा है। वहीं अमेरिका की भूमिका को लेकर भी अब सवाल उठने लगे हैं।

अमेरिका ने दशकों तक पाकिस्तान को आर्थिक और सैन्य सहायता दी, जबकि दुनिया जानती थी कि पाकिस्तान उन संसाधनों का इस्तेमाल आतंकियों को पालने और प्रशिक्षित करने में कर रहा है। हाल के वर्षों में अमेरिका के भीतर भी यह सोच पनपने लगी है कि उन्होंने पाकिस्तान को लेकर जो रणनीति अपनाई, वह गलत थी। लॉस एंजिल्स में हुए घटनाक्रमों और अमेरिकी जनता की बदलती राय इस बात का संकेत है कि अब वहां भी इस विषय पर पुनर्विचार शुरू हो गया है।

भारत की ओर से अंतराष्ट्रीय मंचों पर पाकिस्तान को बेनकाब करने की कोशिश लगातार की जाती रही है। हाल ही में 59 सांसदों और पूर्व राजनयिकों का एक प्रतिनिधिमंडल 33 देशों की यात्रा कर लौटा है। इस प्रतिनिधिमंडल ने दुनिया के सामने पाकिस्तान की असलियत उजागर करने की कोशिश की और बताया कि कैसे यह देश वैश्विक शांति के लिए खतरा बन चुका है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात कर इस प्रतिनिधिमंडल ने अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत की, जिसमें यह भी बताया गया कि विश्व समुदाय के कई सदस्य अब भारत के रुख से सहमत हो रहे हैं।

भारत की घरेलू सुरक्षा की दृष्टि से जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हाल में हुआ आतंकी हमला बेहद गंभीर संकेत है। इस हमले के बाद भारत की सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' शुरू किया, जिसमें आतंकियों के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई की गई। यह दिखाता है कि भारत अब आतंकी घटनाओं को केवल प्रतिक्रिया देने तक सीमित नहीं रखेगा, बल्कि उन्हें जड़ से खत्म करने की नीति पर काम कर रहा है। पाकिस्तान की सरजमीं से संचालित आतंकी नेटवर्कों को जवाब देना अब भारत की प्राथमिकता बन गया है।

लेकिन पाकिस्तान अकेला नहीं है जो भारत के लिए सुरक्षा चुनौती बना हुआ है। चीन की भूमिका भी अब सवालों के घेरे में है। चीन केवल पाकिस्तान को आर्थिक, सैन्य और कूटनीतिक सहायता नहीं दे रहा, बल्कि वह अंतराष्ट्रीय मंचों पर भी पाकिस्तान का बचाव करता है। संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में चीन कई बार आतंकियों के खिलाफ प्रस्तावों को रोकता रहा है, और यह सिलसिला आज भी जारी है। यही नहीं, चीन ने श्रीलंका, म्यांमार, नेपाल और बांग्लादेश जैसे देशों में भारी निवेश कर भारत की रणनीतिक घेरेबंदी की कोशिश की है।

इस बात को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता कि चीन एक सोची-समझी रणनीति के तहत भारत को अस्थिर करने की कोशिश कर रहा है। भारत और चीन के बीच लद्दाख से लेकर अरुणाचल प्रदेश तक कई सीमाई मुद्दे हैं, लेकिन हाल के वर्षों में चीन का रुख लगातार आक्रामक रहा है। भारत ने हमेशा यह कोशिश की है कि दोनों देशों के बीच मुद्दों को बातचीत से सुलझाया जाए, लेकिन चीन ने हर बार सीमा पर उकसावे की कार्रवाई की है। यह सब तब हो रहा है जब दोनों देश आर्थिक रूप से एक-दूसरे पर निर्भर हैं। भारत एक बड़ा बाजार है, जहां चीन अपने उत्पादों का भारी मात्रा में निर्यात करता है, लेकिन इसके बावजूद वह भारत के खिलाफ पाकिस्तान जैसे देश का समर्थन करता है।

अब यह सवाल उठना लाजमी है कि आखिर चीन को आतंकियों का समर्थन करने की जरूरत क्यों महसूस हो रही है? क्या वह भी अब उतना ही असहाय हो गया है कि भारत पर दबाव बनाने के लिए उसे आतंकवादियों और पाकिस्तान जैसे असफल राष्ट्र का सहारा लेना पड़ रहा है? एक तरफ वह भारत के साथ व्यापारिक संबंधों को मजबूत बनाना चाहता है और दूसरी तरफ वह भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बन रहे संगठनों और देशों का साथ देता है। यह दोगली नीति अब और अधिक सहन नहीं की जा सकती।

भारत को अब अपनी नीति में स्पष्टता लानी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पहले ही यह साफ कर चुके हैं कि आतंकवाद और व्यापार साथ-साथ नहीं चल सकते। ऐसे में अगर कोई देश भारत के खिलाफ आतंकियों का समर्थन करता है, तो उसके साथ व्यापारिक और कूटनीतिक संबंधों पर भी पुनर्विचार करना जरूरी है। भारत को यह संदेश स्पष्ट रूप से चीन को देना होगा कि अब वह पाकिस्तान जैसी नीति अपनाना बंद करे।

इस संदर्भ में यह महत्वपूर्ण है कि इस सप्ताह चीन के उप विदेश मंत्री सुन वेईडोंग भारत की यात्रा पर आने वाले हैं। यह वर्ष में दोनों देशों के बीच दूसरी उच्चस्तरीय कूटनीतिक यात्रा होगी। इससे पहले जनवरी में भारत के विदेश सचिव विक्रम मिसरी चीन गए थे, जहां उन्होंने आपसी संबंधों को सुधारने पर बात की थी। लेकिन अब जब पहलगाम में आतंकी हमला हो चुका है और चीन ने फिर से पाकिस्तान का समर्थन किया है, तो माहौल पूरी तरह बदल गया है।

अब भारत को अपने कूटनीतिक प्रयासों में कड़ाई और स्पष्टता लानी होगी। चीन को यह बताया जाना चाहिए कि अगर वह भारत से संबंध सुधारना चाहता है तो उसे आतंकवाद के खिलाफ भारत के साथ खड़ा होना होगा। आतंकियों का समर्थन या पाकिस्तान का अंधा पक्ष लेना चीन की विश्वसनीयता को नुकसान पहुंचा सकता है। चीन को यह समझना होगा कि भारत अब केवल बातचीत से संतुष्ट नहीं होगा, अब वह अपने राष्ट्रीय हितों की रक्षा के लिए हर संभव कदम उठाने को तैयार है।

भारत के नीति-निर्माताओं को यह भी ध्यान रखना होगा कि चीन के साथ किसी भी प्रकार की बातचीत केवल तभी सार्थक हो सकती है जब वह ईमानदारी और पारदर्शिता पर आधारित हो। अगर चीन केवल दिखावे के लिए बातचीत करना चाहता है और पीछे से पाकिस्तान और आतंकवादियों का समर्थन जारी रखता है, तो फिर यह संवाद का कोई मूल्य नहीं रहेगा। यह वक्त भारत के लिए निर्णायक है। एक ओर जहां दुनिया के अनेक देश भारत की आर्थिक और राजनीतिक शक्ति को मान्यता दे रहे हैं, वहीं दूसरी ओर भारत को अपनी सीमाओं और नागरिकों की सुरक्षा के लिए स्पष्ट रुख अपनाना होगा। अब कोई भी ढील या नरमी भारत की सुरक्षा के लिए खतरा बन सकती है। इसलिए चीन से यह सीधा सवाल पूछना जरूरी है कि वह पाकिस्तान की राह पर क्यों चल रहा है और कब तक वह आतंकवाद का समर्थन करता रहेगा।

यह संदेश चीन के उप विदेश मंत्री के माध्यम से शी जिनपिंग तक पहुंचाया जाना चाहिए कि भारत अब आतंकवाद के प्रति जीरो टॉलरेंस की नीति पर पूरी तरह अमल करेगा और इसमें कोई समझौता नहीं होगा।

यह नीति न केवल पाकिस्तान के लिए, बल्कि हर उस देश के लिए लागू होगी जो आतंकवादियों को पनाह देता है या उनका समर्थन करता है। भारत अब किसी भी सूरत में अपनी सुरक्षा और सम्मान से समझौता नहीं करेगा। यही आज के समय की मांग है।

## विचार पिण्डो

# गरीबी के साथ आर्थिक असमानता दूर करने का लक्ष्य हो

ललित गर्ग

भारत को एक विकसित राष्ट्र बनाने की दिशा में जो प्रयास चल रहे हैं, उनके केंद्र में समाज का सबसे कमजोर वर्ग है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में बीते ग्यारह वर्षों में गरीबों के उत्थान के लिए जो योजनाएं लागू की गई हैं, उन्होंने गरीबी को काफी हद तक कम करने में सफलता पाई है। अब यह केवल सरकारी दावों तक सीमित नहीं है, बल्कि वैश्विक संस्थाएं भी इसे स्वीकार कर रही हैं। हाल ही में विश्व बैंक की रिपोर्ट में बताया गया कि भारत में अत्यधिक गरीबी की दर वर्ष 2011-12 में 27.1 प्रतिशत थी, जो 2022-23 में घटकर मात्र 5.3 प्रतिशत रह गई है। यह दर्शाता है कि भारत ने महज एक दशक में लगभग 27 करोड़ लोगों को अत्यधिक गरीबी से बाहर निकाला है, जो वैश्विक स्तर पर एक बड़ी उपलब्धि मानी जा रही है।

प्रधानमंत्री मोदी ने गरीबी को केवल आर्थिक समस्या नहीं माना, बल्कि इसे सम्मान, आत्मनिर्भरता और गरिमामय जीवन से भी जोड़ा है। उनकी सोच है कि हर नागरिक को मूलभूत सुविधाएं, जैसे पक्का घर, स्वच्छ ईंधन, स्वास्थ्य सेवा, शिक्षा और बैंकिंग तक पहुँच मिलनी चाहिए। इन्हीं लक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री आवास योजना, उज्ज्वला योजना, जन-धन योजना और आयुष्मान भारत जैसी योजनाएं लागू की गईं। इन योजनाओं ने न केवल गरीबों को सीधी मदद दी, बल्कि उन्हें सामाजिक रूप से सशक्त भी बनाया।

डायरेक्ट बेनिफिट ट्रांसफरऔर डिजिटल पहचान जैसे उपायों ने इन योजनाओं का लाभ सीधे लाभार्थियों तक पहुँचाया, जिससे बिचौलियों की भूमिका खत्म हुई और पारदर्शिता आई। इन कदमों ने गरीबी को घटाने में बड़ी भूमिका निभाई है और सरकारी संसाधनों का अधिक प्रभावी उपयोग सुनिश्चित किया है।

केवल आय आधारित गरीबी कम नहीं हुई है, बल्कि बहुआयामी गरीबी में भी भारत ने शानदार प्रगति की है। बहुआयामी गरीबी सूचकांक , जिसमें शिक्षा, स्वास्थ्य, पोषण, स्वच्छता, बिजली जैसी मूलभूत आवश्यकताओं को शामिल किया जाता है, उसमें भी सुधार हुआ है। टढक 2005-06 में 53.8 प्रतिशत था, जो घटकर 2019-21 में 16.4 प्रतिशत और 2022-23 में 15.5 प्रतिशत रह गया। इसका मतलब है कि गरीबी अब केवल पैसे की कमी नहीं रही, बल्कि जीवन की गुणवत्ता के अन्य पहलुओं में भी सुधार हुआ है।

भारत जैसे विशाल देश में केंद्र सरकार के साथ-साथ राज्यों की भूमिका भी अहम होती है। उत्तर प्रदेश, बिहार, मध्य प्रदेश, पश्चिम बंगाल और महाराष्ट्र जैसे राज्यों में गरीबी की दर पारंपरिक रूप से अधिक रही है, लेकिन इन राज्यों ने ही गरीबी उन्मूलन में सबसे ज्यादा योगदान दिया है। इन राज्यों में योजनाओं का बेहतर क्रियान्वयन, ग्रामीण विकास, रोजगार सृजन और सामाजिक सेवाओं तक पहुँच सुनिश्चित करने से बड़ी संख्या में लोग गरीबी रेखा से ऊपर उठे हैं। यह दर्शाता है कि समन्वित और केंद्रीकृत प्रयास ही दीर्घकालिक सफलता दिला सकते हैं।

भारत की इस सफलता को अंतराष्ट्रीय समुदाय ने भी सराहा है। विश्व बैंक ने स्पष्ट कहा है कि पाकिस्तान को भारत से सीख लेनी चाहिए। भारत की गरीबी दर जहाँ 5.3 प्रतिशत है, वहीं पाकिस्तान में यह 42.4 प्रतिशत है। इसके पीछे बड़ा कारण यह है कि पाकिस्तान की सरकारें आतंकवाद और सैन्य व्यय को प्राथमिकता देती रही हैं, जबकि भारत ने सामाजिक कल्याण और समावेशी विकास को केंद्र में रखा है।

भारत ने हाल ही में अंतराष्ट्रीय मंचों पर यह मांग उठाई है कि पाकिस्तान को दी जाने वाली आर्थिक मदद की समीक्षा की जाए क्योंकि वह गरीबों की मदद के बजाय सैन्य खर्च और आतंकवादी गतिविधियों में उसका इस्तेमाल करता है। हाल ही में पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारत ने पाकिस्तान के सामाजिक कल्याण पर कम खर्च और सैन्य बजट में 18 प्रतिशत वृद्धि को उजागर करते हुए यह मुद्दा और मजबूती से उठाया।

गरीबी केवल आर्थिक अभाव नहीं है, यह व्यक्ति के मूलभूत मानवाधिकारों का भी हनन है। गरीबी के कारण व्यक्ति शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सम्मान से वंचित रह जाता है। इसलिए गरीबी उन्मूलन को केवल सरकारी सहायता की दृष्टि से नहीं देखा जाना चाहिए, बल्कि इसे सामाजिक न्याय के एक बड़े उद्देश्य के रूप में अपनाना होगा। भारत में पिछले वर्षों में जो योजनाएं बनीं, उन्होंने इस सोच को जमीन पर उतारा है।

जहाँ एक ओर भारत गरीबी घटाने में सफल हो रहा है, वहीं दूसरी ओर आर्थिक असमानता तेजी से बढ़ रही है।

विव असमानता रिपोर्ट 2022 के अनुसार, भारत के शीर्ष 1 प्रतिशत लोग देश की 40 प्रतिशत संपत्ति के मालिक हैं। इस प्रकार की असमानता सामाजिक असंतुलन, अशांति और दीर्घकालिक आर्थिक चुनौतियाँ पैदा कर सकती है। यदि विकास का लाभ केवल कुछ लोगों तक सीमित रहेगा, तो समाज के बहुसंख्यक तबके में हताशा और असंतोष पनपेगा, जो लोकतंत्र और आर्थिक स्थिरता के लिए खतरा बन सकता है।

इसलिए यह जरूरी है कि सरकार गरीबी घटाने के साथ-साथ आर्थिक असमानता को भी प्राथमिकता से संबोधित करे। कर प्रणाली, सामाजिक सुरक्षा योजनाएं, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं तक सबकी समान पहुंच और उद्यमशीलता को बढ़ावा देने जैसी रणनीतियाँ असमानता को घटाने में सहायक हो सकती हैं।

भारत वर्ष 2047 तक एक विकसित राष्ट्र बनने का लक्ष्य लेकर चल रहा है। इसके लिए गरीबी का उन्मूलन और आर्थिक असमानता का समाधान दोनों अनिवार्य हैं। जब तक समाज के अंतिम व्यक्ति को सम्मानपूर्वक जीवन, समान अवसर और विकास में भागीदारी नहीं मिलती, तब तक समावेशी विकास अधूरा रहेगा।

सरकार को अपनी नीतियों में इस बात पर ध्यान देना होगा कि कल्याणकारी योजनाएं केवल मुफ्त सुविधाएं देने तक सीमित न रहें, बल्कि लोगों को आत्मनिर्भर और सशक्त बनाने का माध्यम बनें। रेवड़ी संस्कृति से हटकर, एक ऐसा मॉडल खड़ा करना होगा जो गरीब को न केवल मदद दे, बल्कि उसे आगे बढ़ने का अवसर भी प्रदान करे।

गरीबी हटाना और आर्थिक असमानता को समाप्त करना एक दीर्घकालिक प्रक्रिया है। इसके लिए राजनीतिक इच्छाशक्ति, प्रशासनिक दक्षता, सामाजिक जागरूकता और हर नागरिक की भागीदारी जरूरी है। जब तक भारत का हर नागरिक शिक्षा, स्वास्थ्य, स्वच्छता और सम्मान से परिपूर्ण जीवन नहीं जी पाता, तब तक विकास अधूरा रहेगा।

### ओली पोप ने संन्यास के बाद किया बड़ा खुलासा

# क्रिकेटर विराट कोहली की कमी खलेगी इंग्लैंड को

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम इस समय इंग्लैंड दौरे पर है, जहां वह 20 जून से शुरू हो रही पांच मैचों की टेस्ट सीरीज खेलेगी। टीम इंडिया की कमान पहली बार युवा बल्लेबाज शुभमन गिल के हाथों में सौंपी गई है। टीम में कई युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियो को मौका मिला है, जिन्होंने हाल ही में घरेलू क्रिकेट और आईपीएल में दमदार प्रदर्शन किया है। लेकिन इस सीरीज की शुरुआत से पहले ही एक बड़ी खबर सामने आई–भारतीय दिग्गज विराट कोहली ने अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया। इस खबर के बाद क्रिकेट जगत में प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है।




इंग्लैंड टीम के उपकप्तान ओली पोप ने विराट कोहली की तारीफ करते हुए कहा कि भले ही यह भारतीय टीम युवा है, लेकिन इनमें गहराई और प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा, "टीम में कई अच्छे खिलाड़ी हैं और उनके नए कप्तान शुभमन गिल एक बेहतरीन लीडर बन सकते हैं। लेकिन हमें स्लिप में चहकते विराट कोहली की चमक की कमी जरूर खलेगी।"

कोहली का इंग्लैंड के खिलाफ रिकॉर्ड भी बेहद शानदार रहा है। उन्होंने 28 टेस्ट मैचों में 1991 रन बनाए, जिसमें 5 शतक और 9 अर्धशतक शामिल हैं। इंग्लैंड के खिलाफ उनका सर्वाधिक स्कोर 235 रन रहा। कोहली का आत्मविश्वास और आक्रामक अंदाज हमेशा इंग्लैंड की चुनौती को कठिन बनाता था।

### भारत बनाम इंग्लैंड टेस्ट सीरीज 20 जून से, शुभमन गिल होंगे कप्तान

ओली पोप ने यह भी कहा कि भारत के खिलाफ खेलने का यह समय इंग्लैंड के लिए एकदम उपयुक्त है। पिछली गर्मियों में हमने वेस्टइंडीज और श्रीलंका के साथ खेला था। अब भारत जैसी मजबूत टीम से भिड़ना हमारे लिए बेहतरीन अवसर है, खासकर जब एशेज जैसी बड़ी सीरीज भी आने वाली है बता दें कि भारत ने आखिरी बार 2007 में इंग्लैंड में टेस्ट सीरीज जीती थी। इसके बाद 2011, 2014 और 2018 में हार मिली, जबकि 2021–22 की सीरीज ड्रॉ रही। ऐसे में शुभमन गिल की कप्तानी में भारत की नजरें इतिहास रचने पर होंगी।

### ऋषि कपूर की 'मां' कहलाई किस गर्ल

# धर्मेंद्र देते इतने भाव कि हेमा मालिनी को होती जलन

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** सिनेमा की दुनिया में कुछ चेहरे ऐसे होते हैं जो अपने किरदारों से ज्यादा अपनी शख्सियत के लिए याद किए जाते हैं। ऐसी ही थीं सोनिया साहनी, जिन्हें हिंदी सिनेमा में 'किस गर्ल' के नाम से जाना गया। 1960–70 के दशक में अपनी खूबसूरती, टैलेंट और बोल्ड अंदाज़ से उन्होंने सबका ध्यान खींचा। फिल्म बॉबी में ऋषि कपूर की मां का किरदार निभाकर उन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई। सोनिया का असली नाम ऊषा साहनी था। श्रीनगर में जन्मीं सोनिया का बचपन थिएटर के करीब बीता और यहीं से उनके फिल्मी सफर की शुरुआत हुई। मशहूर फिल्मकार आई.एस. जौहर ने उन्हें मुंबई बुलाया और जौहर–महमूद इन गोवा से फिल्मों में लॉन्च किया। इसी फिल्म में किस सीन के बाद उन्हें 'किस गर्ल' कहा



जाने लगा। करियर के शिखर पर सोनिया की जिंदगी ने एक और मोड़ लिया जब उन्होंने पालिताना रियासत के राजकुमार शिवेंद्र सिंह गोयल से शादी की और राजमाता बनीं। उनके दो बच्चे हुए, लेकिन पति की असमय मृत्यु ने उन्हें गहरा आघात पहुंचाया। सोनिया को लेकर एक और दिलचस्प किस्सा हेमा मालिनी से जुड़ा है। कहा जाता है कि धर्मेंद्र द्वारा ज्यादा अटेंशन दिए जाने के कारण हेमा, सोनिया से चिढ़ती थीं। खुद सोनिया ने भी कहा था कि हेमा उन्हें पसंद नहीं करती थीं और दोनों के रिश्ते में कभी गर्मजोशी नहीं रही।

### मोहम्मद सिराज का भावुक पोस्ट

# बोल–कामयाबी मेहनत देखती है, नाम नहीं



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज मोहम्मद सिराज इन दिनों इंग्लैंड दौरे पर हैं, जहां टीम इंडिया पांच मैचों की टेस्ट सीरीज की तैयारियों में जुटी है। इस बीच सिराज ने एक भावुक पोस्ट साझा किया है, जिसमें उन्होंने अपने पिता, परिवार और उस संघर्ष को याद किया जो उन्हें आज यहां तक लाया है।

सिराज ने अपने पिता की एक तस्वीर साझा करते हुए लिखा, "मैं हर उस मौके का आभारी हूं, जिसने मुझे देश के लिए खेलने का मौका दिया। किसने सोचा था कि एक ऑटो ड्राइवर का बेटा टीम इंडिया का हिस्सा बनेगा? जब कोई बच्चा मुझसे कहता है कि वह भी भारत के लिए खेलेगा, तो मेरे चेहरे पर गर्व की मुस्कान होती है। लेकिन कुछ लोग ऐसे भी हैं, जो इसे अपमान समझते हैं। जब मेरा कोई मैच अच्छा नहीं जाता, तो लोग ताना मारते हैं कि जाओ अपने पिता की तरह ऑटो चलाओ।"

उन्होंने आगे लिखा, "लेकिन मैं साफ कर देना चाहता हूं कि मेरे पिता का काम कभी भी अपमानजनक नहीं था। वो मेरे लिए प्रेरणा रहे हैं। उन्होंने सिखाया कि मेहनत का असली मतलब क्या होता है। सिर नीचे रखो और बस मेहनत करते रहो। चाहे कोई कुछ भी कहे।"

सिराज ने बताया कि जब वह

### मेरे पिता का काम अपमान नहीं है

लंबे अभ्यास सत्रों के बाद घर लौटते थे, तो उनके पिता उन्हें देखकर खुश होते थे, और यही उनकी भूख को और बढ़ाता था। उन्होंने लिखा, "हर बार जब लोगों ने मुझे नजरअंदाज किया, तो मैंने और ज्यादा मेहनत की। आज मैं वर्षों की मेहनत के बाद टीम इंडिया का हिस्सा हूं। ऑनलाइन कुछ शब्द मेरे सफर को स्टीरियोटाइप में बदल सकते हैं, लेकिन मेरी जर्सी और कैप इस बात का सबूत हैं कि मेहनत नाम नहीं देखती।"

गौरतलब है कि सिराज के पिता का निधन उस समय हुआ था जब वह ऑस्ट्रेलिया दौरे पर थे और अपना टेस्ट डेब्यू करने वाले थे। उस मुश्किल समय में भी सिराज ने हिम्मत नहीं हारी और टीम के साथ बने रहे, क्योंकि उनके पिता की ख्वाहिश थी कि बेटा भारत के लिए टेस्ट क्रिकेट खेले।

आज मोहम्मद सिराज लाखों युवाओं के लिए मिसाल हैं–जिन्होंने सीमित साधनों से शुरुआत की, लेकिन सपनों को टूटने नहीं दिया। उनका ये संदेश समाज को एक गहरी सीख देता हैः कामयाबी कभी नाम या पेशे से नहीं, सिर्फ मेहनत और जज्बे से मिलती है।

# क्योंकि सास भी कभी बहू थी 2' और 'बालिका वधू' की वापसी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** छोटे पर्दे पर जल्द ही नॉस्टेल्जिया की एक नई लहर लौटने वाली है। दो दशक से भी ज्यादा वक्त पहले जिन्होंने दर्शकों के दिलों में खास जगह बनाई थी, वही किरदार, वही भावनाएं और वही रिश्तों की उलझनें अब नए दौर के कलेवर में वापस आने को तैयार हैं। जी हां, बात हो रही है 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' और 'बालिका वधू' जैसे दो चर्चित सीरियलों की–जिनके किरदार अब एक बार फिर से दर्शकों से रूबरू होंगे।

एकता कपूर का ऐतिहासिक शो 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' अब सीजन 2 के रूप में वापस लौट रहा है। पच्चीस साल पहले जिस सीरियल ने घर–घर में तुलसी की मुस्कान से रिश्तों की नई परिभाषा गढ़ी थी, वह एक बार फिर अपने बिछड़े परिवार के साथ दर्शकों के दिलों की दहलीज़ पर दस्तक देगा। इस शो ने एक ज़माने में यह सिद्ध किया था कि रिश्तों के रूप बदलते हैं और समय के साथ वे नए सांचों में ढलते हैं। आज जबकि हर



तरफ 'वैरियंट' की चर्चा है–चाहे वो वायरस का हो या समाज का–यह शो भी रिश्तों के नए वैरियंट के साथ लौट रहा है। सवाल यही है कि क्या ये शो आज के डिजिटल युग और बदले दर्शक वर्ग की उम्मीदों पर खरा उतर पाएगा वहीं दूसरी ओर, 'बालिका वधू' की मासूम आनंदी यानी अविका गौर भी छोटे पर्दे पर वापसी कर रही हैं, वो भी अपने रियल लाइफ पार्टनर के साथ एक नए शो में। यह वही आनंदी है जिसने छोटी उम्र में विवाह और सामाजिक कुरीतियों पर गहरी बहस छेड़ दी थी। दिलचस्प बात यह है कि जब ये दोनों सीरियल एक साथ प्रसारित हो रहे थे, तब दर्शकों के बीच खूब मुकाबला होता था।

### बालश्रम निषेध दिवस पर विशेष

# इन फिल्मों ने दिखाया मासूम बचपन का कड़वा सच, आंखें कर देगी नम



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** हर साल 12 जून को 'विश्व बालश्रम निषेध दिवस' मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य बच्चों को स्कूल और खेल की आजादी दिलाना है। हिंदी सिनेमा ने समाज में बदलाव लाने के अपने प्रयासों में बाल मजदूरी जैसे गंभीर विषय को भी उठाया है। कई फिल्मों ने उन मासूमों की कहानी को पर्दे पर जीवंत किया है । **अनुजाः** हाल ही में रिलीज हुई शॉर्ट फिल्म 'अनुजा' को बाल मजदूरी के संवेदनशील चित्रण के लिए ऑस्कर नामांकन मिला था। फिल्म में एक बड़ी बहन को दिखाया गया है, जो अपनी छोटी बहन की पढ़ाई के लिए कपड़ा फैक्ट्री में काम करती है। लेकिन उसकी उम्मीद तब टूट जाती है जब छोटी बहन एक जरूरी परीक्षा छोड़ देती है। **स्टेनली का डब्बाः** 2011 में आई अमोल गुप्ते की फिल्म 'स्टेनली का डब्बा' एक ऐसे बच्चे की कहानी है जो स्कूल जाने के लिए मजदूरी करता है। फिल्म ने मासूम भावनाओं और संघर्ष को बहुत ही कोमलता से दर्शाया, जिसे दर्शकों और समीक्षकों दोनों ने सराहा। **आई एम कलामः** 2010 की फिल्म 'आई एम कलाम' एक ढाबे में काम करने वाले बच्चे की प्रेरणादायक कहानी है, जिसका सपना एपीजे अब्दुल कलाम जैसा बनने का है। फिल्म ने नेशनल अवॉर्ड भी जीता। स्लमडॉग मिलेनियर और सलाम बॉम्बे जैसी फिल्मों ने भी बाल मजदूरी के साथ–साथ बच्चों पर हो रहे अन्य शोषणों को बेबाकी से दिखाया है। इन फिल्मों ने न सिर्फ दर्शकों का दिल छुआ, बल्कि अंतरराष्ट्रीय मंच पर भी भारतीय बच्चों की सच्चाई को उजागर किया।

### हैम्पशायर से जुड़ने को तैयार

# तिलक वर्मा खेलेंगे इंग्लैंड की काउंटी चैंपियनशिप

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** भारतीय क्रिकेट के युवा सितारे तिलक वर्मा अब इंग्लैंड की प्रतिष्ठित काउंटी चैंपियनशिप में अपनी बल्लेबाजी का जलवा दिखाने को तैयार हैं। उन्होंने काउंटी क्लब हैम्पशायर के साथ करार किया है और वह जून से जुलाई के बीच चार मुकाबले खेलेंगे। बीसीसीआई और हैदराबाद क्रिकेट एसोसिएशन ने उन्हें इसके लिए एनओसी दे दी है।

22 वर्षीय तिलक वर्मा ने इंडियन प्रीमियर लीग में मुंबई इंडियंस के लिए शानदार प्रदर्शन कर अपनी पहचान बनाई है। विस्फोटक बल्लेबाजी करने वाले तिलक से हैम्पशायर की



बल्लेबाजी लाइन–अप को मजबूती मिलने की उम्मीद है। हालांकि वह इंग्लैंड की टी20 ब्लास्ट लीग में भाग नहीं ले पाएंगे क्योंकि बीसीसीआई अपने खिलाड़ियों को विदेशी टी20 लीग में खेलने की अनुमति नहीं देता है। तिलक ने 2023 में भारत के लिए अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। तब से अब तक वह 25 टी20 मैचों में दो शतक और तीन अर्धशतकों की मदद से 749 रन बना चुके हैं। इसके अलावा उन्होंने 4 वनडे में 68 रन और घरेलू क्रिकेट में भी शानदार प्रदर्शन करते हुए 18 फर्स्ट क्लास मैचों में 1204 रन और 36 लिस्ट ए मैचों में 1495 रन बनाए हैं।

गेंदबाजी में भी वह योगदान देने में सक्षम हैं।

उन्होंने इंडिया–ए के लिए भी शानदार प्रदर्शन किया है। तिलक के अलावा रुतुराज गायकवाड़ यॉर्कशायर और युजवेंद्र चहल नॉर्थम्पटनशायर की ओर से इंग्लैंड में खेलते नजर आएंगे। इन तीनों खिलाड़ियों के लिए यह मौका खुद को फिर से साबित करने का बेहतरीन मंच होगा।

## सीएम योगी ने मेधावियों को किया सम्मानित

# मेहनत ही सफलता की कुंजी

**यूनिक समय, लखनऊ।** लखनऊ के लोकभवन में आयोजित भव्य समारोह में उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने 2025 की हाईस्कूल और इंटरमीडिएट परीक्षाओं में सर्वोच्च स्थान प्राप्त करने वाले मेधावी छात्रों को सम्मानित किया। मुख्यमंत्री ने 166 छात्रों को एक-एक लाख रुपये का चेक, टैबलेट, प्रशस्ति पत्र और मेडल प्रदान कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

मुख्यमंत्री ने अपने संबोधन में विशेष रूप से बालिकाओं की सफलता की सराहना की और बालकों से भी मेहनत करने की प्रेरणा दी। साथ ही उन्होंने 122 करोड़ रुपये की विभिन्न योजनाओं का



शिलान्यास भी किया, जिसमें माध्यमिक संस्कृत शिक्षा परिषद व निदेशालय के नवीन भवन शामिल हैं। वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में राज्य शिक्षा, संस्कृति और खेल जैसे क्षेत्रों में अभूतपूर्व प्रगति कर रहा है। उन्होंने बताया कि संस्कृत भवन के लिए 42.42 करोड़ रुपये की लागत से नया भवन बनेगा और खेल विजेताओं को भी सम्मानित किया जा रहा है।

कार्यक्रम में माध्यमिक शिक्षा राज्यमंत्री गुलाब देवी ने ऑनलाइन संबोधन में छात्रों को देश सेवा के लिए तैयार रहने की प्रेरणा दी। उन्होंने कहा कि सीएम के मार्गदर्शन में यूपी की परीक्षाएं अब नकलविहीन और पारदर्शी हो गई हैं। कार्यक्रम में मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह सहित शिक्षा विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित रहे। यह आयोजन प्रदेश में शिक्षा को बढ़ावा देने और मेधावी छात्रों के लिए प्रेरणा स्रोत बन गया है।




# अखिलेश यादव स्वार्थी, सपा के पीडीए से मुसलमान गायब

**यूनिक समय, बरेली।** ऑल इंडिया मुस्लिम जमात के राष्ट्रीय अध्यक्ष मौलाना मुफ्ती शहाबुद्दीन रजवी बरेलवी ने समाजवादी पार्टी (सपा) और उसके मुखिया अखिलेश यादव पर बड़ा हमला बोला है। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव मुस्लिम हितैषी नहीं हैं, बल्कि केवल स्वार्थ की राजनीति कर रहे हैं। उन्होंने सपा द्वारा प्रचारित पीडीए (पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक) गठजोड़ को खोखला बताया और कहा कि इसमें मुसलमानों की भूमिका केवल नाममात्र की है।

मौलाना रजवी ने कहा कि अखिलेश यादव की सार्वजनिक रैलियों और प्रेस वार्ताओं में मुस्लिम समाज का जिक्र तक नहीं होता, जबकि बंद कमरों में वे मुस्लिम नेताओं से बात करते समय बार-बार 'मुसलमान' शब्द का उपयोग करते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि अखिलेश यादव के दो चेहरे हैं- एक जनता के सामने और दूसरा मुस्लिम नेताओं के साथ।

मौलाना ने मुलायम सिंह यादव की



तुलना करते हुए कहा कि वे सच्चे मुस्लिम हितैषी थे, जबकि अखिलेश मुस्लिम समाज की समस्याओं को नज़रअंदाज़ कर रहे हैं। वे न तो मुस्लिम प्रतिनिधियों से मिलते हैं और न ही उनकी आवाज़ को सदन में उठाते हैं।

एक अहम बयान में मौलाना ने कहा कि यदि भाजपा अपने कुछ नेताओं द्वारा दिए जाने वाले मुस्लिम विरोधी बयानों पर रोक लगाए और मुस्लिम समाज के लिए अपने दरवाजे खोले, तो मुसलमान भाजपा में जाने पर पुनर्विचार कर सकते हैं। उन्होंने यह भी माना कि केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं का लाभ सभी वर्गों को बिना भेदभाव के मिला है।

# यूपी में भीषण गर्मी का कहर, पश्चिमी जिलों में लू का अलर्ट



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश इन दिनों भीषण गर्मी और लू की चपेट में है। शुक्रवार की सुबह से ही प्रदेश के कई हिस्सों में आसमान से आग बरस रही है। नौतपा के बाद गर्मी ने और भी विकराल रूप धारण कर लिया है, जिससे जनजीवन अस्त-व्यस्त हो गया है। उमस और गर्म हवाओं से लोग बेहाल हैं।

आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र, लखनऊ के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह ने बताया कि पश्चिमी उत्तर प्रदेश में आगामी दो से तीन दिन लू की स्थिति बनी रहेगी। वहीं, पूर्वांचल और कुछ अन्य हिस्सों में गुरुवार को गरज-चमक के साथ हल्की बारिश होने के संकेत हैं।

मौसम विभाग ने गाजियाबाद, गौतमबुद्ध नगर, मथुरा, आगरा और झांसी जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। वहीं, बागपत, मेरठ, हापुड़, बुलंदशहर, अलीगढ़, हाथरस, एटा, फिरोजाबाद, मैनपुरी, इटावा, औरैया, जालौन, हमीरपुर, महोबा और

### पूर्वांचल में बारिश की संभावना

ललितपुर जैसे जिलों के लिए येलो अलर्ट घोषित किया गया है।

कुछ पश्चिमी जिलों जैसे मुजफ्फरनगर और नजीबाबाद में दिन में लू के साथ रात को भी अधिक गर्मी और उमस रहने की संभावना जताई गई है।

बुधवार को बुंदेलखंड, आगरा मंडल और दिल्ली-एनसीआर के जिलों में तापमान 45 डिग्री के करीब पहुंच गया। आगरा (45.4 डिग्री सेल्सियस), उरई (45.2डिग्री सेल्सियस), बांदा (44.8डिग्री सेल्सियस), झांसी (44.7डिग्री सेल्सियस) और प्रयागराज (43.8डिग्री सेल्सियस) प्रदेश के सबसे गर्म जिलों में रहे।

मौसम विभाग की सलाह है कि लोग लू से बचाव के लिए घर से बाहर निकलते समय सावधानी बरतें, हल्के कपड़े पहनें और खूब पानी पिएं।

## झांसी में भीषण सड़क हादसा

# डिवाइडर से टकराई कार, चार की मौत, बच्चे सहित चार घायल



**यूनिक समय, लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के झांसी जनपद में एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ, जिसमें चार लोगों की मौत हो गई और चार गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा पूंछ थाना क्षेत्र के गांव खिल्ली के पास हुआ, जब एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई।

जानकारी के अनुसार, सिद्धार्थ नगर के इटरी बाजार के रहने वाले दो परिवारों के लोग ईद मनाने के बाद महाराष्ट्र के मोबरा लौट रहे थे। बुधवार रात को वे कार से रवाना हुए थे, लेकिन गुरुवार सुबह खिल्ली गांव के पास चालक का वाहन पर से नियंत्रण हट गया और कार डिवाइडर से टकराकर पलट गई।

हादसे में आमिर (45), आशमा (40), और उसना परवीन (15) की मौके पर ही मौत हो गई। घायलों में शाहबुद्दीन (70), अब्दुल्ला बहादुर रहमान (10), अनीदुक रहमान (8), ईश्म (6), और अबैदुक रहमान (40) शामिल थे। सभी को झांसी मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया गया, जहां इलाज के दौरान अबैदुक रहमान ने भी दम तोड़ दिया।

ईश्म की हालत अभी भी नाजुक बनी हुई है। हादसे की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

पुलिस के अनुसार, यह परिवार महाराष्ट्र में काम करता था और त्योहार के बाद अपने काम पर लौट रहा था। फिलहाल मामले की जांच की जा रही है। यह हादसा एक बार फिर तेज रफ्तार और लापरवाही से गाड़ी चलाने के खतरनाक परिणाम

# बड़े अफसर के बेटे ने सिपाही को पीटा




**यूनिक समय, लखनऊ।** लखनऊ राजधानी में एक बार फिर कानून और सिस्टम की साख पर सवाल खड़े हो गए हैं। 29 मई की रात स्टेडियम पुलिस चौकी में घुसकर चार युवकों ने सिपाही अर्जुन चौरसिया के साथ मारपीट की, गालियां दीं और उसकी वर्दी तक फाड़ दी। इसके बावजूद पुलिस विभाग के एक बड़े अफसर के बेटे, जो इस घटना में मुख्य भूमिका में था, का नाम एफआईआर में नहीं जोड़ा गया।

एफआईआर में केवल तीन युवकों - जयप्रकाश सिंह, अभिषेक चौधरी और सुमित कुमार के नाम दर्ज हैं, जबकि चौथे युवक को "अज्ञात" बताया गया है। यही चौथा युवक, सूत्रों के मुताबिक, एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी का पुत्र है, जिसने न सिर्फ सिपाही को पीटा बल्कि अपने पिता को मौके की जानकारी भी दी।

घटना के बाद हजरतगंज पुलिस चारों

### वर्दी फाड़ी, फिर भी एफआईआर में नाम नहीं

युवकों को थाने लाई, लेकिन बड़े अफसर और उनकी पत्नी भी थाने पहुंचे और बेटे को छुड़ाकर घर ले गए। पुलिस ने तीनों नामजद युवकों को थाने से ही निजी मुचलके पर जमानत दे दी।


इस पूरे मामले में पुलिस की भूमिका सवालों के घेरे में है आखिर अब तक चौथे युवक की पहचान क्यों नहीं हुई? इनोवा गाड़ी की जानकारी, सीसीटीवी फुटेज और सर्विलांस की मदद क्यों नहीं ली गई?

डीसीपी मध्य आशीष कुमार श्रीवास्तव का कहना है कि मामले की विवेचना जारी है, लेकिन घटना को दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नहीं होना यह दर्शाता है कि जब दोषी "बड़े घर" से हो, तो कानून के हाथ छोटे हो जाते हैं।

# रोडवेज बस और डीसीएम की भिड़ंत से मचा हड़कंप

**यूनिक समय, संभल।** देर रात मुरादाबाद-आगरा हाईवे पर गांव रसूलपुर के पास एक भीषण सड़क हादसा हो गया, जब एक तेज रफ्तार रोडवेज बस सड़क किनारे खड़ी डीसीएम में जा टकराई। हादसे में बस में सवार 14 यात्री घायल हो गए, जिनमें से दो की हालत गंभीर बताई जा रही है।

यह दुर्घटना गुन्नौर कोतवाली क्षेत्र में हुई, जहां बरेली डिपो की आनंद विहार से बदायूं जा रही बस अचानक अनियंत्रित होकर खड़ी डीसीएम से भिड़ गई। टक्कर इतनी जोरदार थी कि बस का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और अधिकांश यात्री



अपनी सीटों से उछलकर घायल हो गए। हादसे के समय बस में करीब 20 यात्री सवार थे, जिनमें से कई नींद में थे।

घटना की सूचना मिलते ही पुलिस और स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए एंबुलेंस की मदद से सभी घायलों को गुन्नौर सीएचसी पहुंचाया। वहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद दो गंभीर

### 14 यात्री घायल, दो की हालत गंभीर

घायलों - हारुन पुत्र बुद्धि निवासी फकीरा मोहल्ला, थाना बहजोई तथा प्रवीण पुत्र स्वराज निवासी गठोना, थाना उझानी, जनपद बदायूं -को हायर सेंटर रेफर कर दिया। अन्य घायलों को उपचार के बाद घर भेज दिया गया।

हादसे के बाद यात्रियों में चीख-पुकार मच गई और कुछ समय के लिए हाईवे पर अफरा-तफरी का माहौल बन गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है कि दुर्घटना का कारण ड्राइवर की लापरवाही थी या बस में तकनीकी खराबी।

## सार संक्षेप

### टैगोर के पैतृक घर पर हमला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बांग्लादेश में टैगोर की कचहरीबाड़ी पर कट्टरपंथियों ने हमला किया। संबित पात्रा ने इसे पूर्व नियोजित बताया। बीजेपी ने इस घटना को गंभीरता से लेने की बात कही।

### दिल्ली में बिजली संकट, आप का आरोप

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** आतिशी ने कहा दिल्ली में 2 दिन से भारी पॉवर कट हो रहे हैं। बीजेपी सरकार बिजली व्यवस्था संभालने में विफल रही है। गरीब प्रभावित हो रहे हैं।

### जनरल मुनीर को अमेरिकी परेड में न्योता नहीं

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** पाक जनरल मुनीर को विक्ट्री डे परेड में नहीं बुलाया गया। सिर्फ राजनयिक बैठकें होंगी। पाक मीडिया में दौरे को लेकर बढ़ा चढ़ाकर प्रचार किया जा रहा है।

### राहुल पर बीजेपी का हमला

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बीजेपी नेता दिलीप जायसवाल बोले, राहुल गांधी को खुद नहीं पता क्या कहते हैं। सिर्फ राजनीति चमकाने के लिए बयानबाज़ी करते हैं। पीएम मोदी की वैश्विक छवि मजबूत।

### गाजियाबाद मर्डर केस सुलझा

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** लोनी में महिला की हत्या के आरोप में ससुर और दो देवर गिरफ्तार। पारिवारिक विवाद बना कारण। शव ब्रीफकेस में मिला था, पुलिस ने मामले की जांच पूरी की।

### पंजाब-हरियाणा में लू का प्रकोप

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने बताया कि कई जिलों में तापमान 45 डिग्री पार। अगले 3 दिन लू जारी रहेगी। लोगों को सतर्क रहने और घर में रहने की सलाह दी गई।

### डिनो मोरिया ईडी दफ्तर पहुंचे

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** मीठी नदी सफाई घोटाले में पूछताछ के लिए ईडी ने बुलाया। डिनो मोरिया मुंबई स्थित कार्यालय पहुंचे। कई अन्य लोग भी जांच के घेरे में बताए जा रहे हैं।

### महाराष्ट्र सरकार निरस्त करने की मांग

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** नाना पटोले ने राष्ट्रपति को पत्र लिखकर विधानसभा चुनाव में धांधली का आरोप लगाया। निष्पक्ष जांच और सरकार को हटाने के लिए उच्च स्तरीय समिति गठित करने की मांग।

### महाराष्ट्र में भारी बारिश का अलर्ट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** 12 से 17 जून तक तेज बारिश और हवाओं की चेतावनी। मुंबई, ठाणे और कोल्हापुर समेत कई जिलों में येलो व ऑरेंज अलर्ट। प्रशासन ने लोगों को सावधान रहने को कहा।

### पटना में पुलिसकर्मी को टक्कर मारी, मौत

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** बीजेपी झंडा लगी स्कॉर्पियो ने चेकिंग कर रही पुलिस टीम को टक्कर मारी। महिला कांस्टेबल की मौत, दो अन्य घायल। पुलिस ने कार मालिक की तलाश शुरू की।

## विमान हादसे से पहले की आखिरी तस्वीर

# महिला यात्री ने लिया था विजय रुपाणी का फोटो

**यूनिक समय, अहमदाबाद।** गुजरात के अहमदाबाद में एक बड़ा विमान हादसा हो गया, जब एयर इंडिया की फ्लाइट लंदन रवाना होने के कुछ ही समय बाद क्रैश हो गई। इस हादसे में उस वक्त विमान में सवार 242 लोगों की जान खतरे में पड़ गई। फ्लाइट में गुजरात के पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी भी मौजूद थे। हादसे से पहले की एक तस्वीर अब सामने आई है, जिसमें प्लेन के अंदर बैठे विजय रुपाणी दिखाई दे रहे हैं। बताया जा रहा है कि यह फोटो विमान में मौजूद एक महिला यात्री ने फ्लाइट के टेक-ऑफ से ठीक पहले लिया था।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, यह विमान अहमदाबाद एयरपोर्ट से लंदन के लिए उड़ान भर रहा था। प्रारंभिक जांच में



हादसे का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है, लेकिन रिपोर्ट्स के मुताबिक विमान के इंजन में अचानक खराबी आ गई थी। साथ ही, विमान का पिछला हिस्सा जमीन से टकरा गया, जिससे यह भीषण दुर्घटना हुई।

दुर्घटना के बाद एयरपोर्ट के आसपास के इलाकों में अफरा-तफरी मच गई। घटनास्थल पर धुएं का घना गुबार देखा गया और राहत कार्य तुरंत शुरू किया गया। एयर इंडिया ने सवार यात्रियों की लिस्ट जारी कर दी है, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री विजय रुपाणी का नाम भी शामिल है। उनके स्वास्थ्य की स्थिति को लेकर फिलहाल कोई आधिकारिक जानकारी नहीं मिल पाई है। इस बीच, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने गुजरात के मुख्यमंत्री, गृह मंत्री और अहमदाबाद पुलिस कमिश्नर से फोन पर बात कर स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने हरसंभव सहायता का आश्वासन दिया है। हादसे के बाद अहमदाबाद एयरपोर्ट पर कई फ्लाइट्स रद्द कर दी गई हैं, और रेलवे द्वारा वैकल्पिक परिवहन की व्यवस्था की जा रही है। घटना ने पूरे देश को झकझोर कर रख दिया है। हादसे से संबंधित और भी जानकारी मिल रही है, जिसे लगातार अपडेट किया जा रहा है। पाठकों को सलाह दी जाती है कि वे नवीनतम जानकारी के लिए इस खबर को समय-समय पर रिफ्रेश करते रहें।

## सोशल मीडिया स्टार कमल कौर की संदिग्ध हालात में मौत, हत्या की आशंका

**यूनिक सम, नई दिल्ली।** पंजाब की जानी-मानी सोशल मीडिया इन्फ्लुएंसर कमल कौर का शव बुधवार रात बठिंडा में संदिग्ध परिस्थितियों में एक कार के अंदर पाया गया। पुलिस ने हत्या की आशंका जताई है और मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

कमल कौर का शव आदेश मेडिकल यूनिवर्सिटी की पार्किंग में खड़ी एक कार से बरामद हुआ, जब स्थानीय लोगों ने दुर्गंध की सूचना पुलिस को दी। जांच में सामने आया कि कार लुधियाना के लक्ष्मण नगर निवासी कमल कौर के नाम पर पंजीकृत है। वह इंस्टाग्राम पर काफी लोकप्रिय थीं और उनके 3.83 लाख से अधिक फॉलोअर्स थे।

पुलिस को आशंका है कि हत्या किसी अन्य स्थान पर की गई और शव को यहां लाकर छोड़ा गया। फोरेंसिक टीम को घटनास्थल से साक्ष्य जुटाने के लिए बुलाया गया है और मामला हत्या के एंगल से जांचा जा रहा है।

## अमेरिका के ओरेगन जंगलों में भीषण आग

### सैकड़ों घर खाली कराने के आदेश



**यूनिक समय, नई दिल्ली।** अमेरिका के ओरेगन राज्य में जंगलों में एक बार फिर भीषण आग भड़क गई है, जिससे पूरे क्षेत्र में हड़कंप मच गया है। आग इतनी भयावह हो चुकी है कि स्थानीय प्रशासन को सैकड़ों घरों को खाली कराने के आदेश देने पड़े हैं और हजारों लोगों को सतर्क रहने को कहा गया है।

कोलंबिया रिवर गॉर्ज इलाके में धुएं के कारण विजिबिलिटी लगभग शून्य हो गई है। आग की गंभीरता का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि इंटरस्टेट-84 हाईवे का 32 किलोमीटर लंबा हिस्सा बंद कर दिया गया है। यह मार्ग 'हुड रिवर' और 'द डेल्स' शहरों को जोड़ता है। दोनों शहरों की कुल जनसंख्या करीब 23,000 है, जो अब खतरे की जद में आ चुकी है।

ओरेगन परिवहन विभाग के अनुसार, यह मार्ग अनिश्चितकाल के लिए बंद रहेगा। वहीं वास्को काउंटी शेरिफ कार्यालय ने बताया कि डेल्स के उत्तर-पश्चिम में 700 से अधिक घरों को तत्काल खाली कराने के आदेश दिए गए हैं, जबकि 1,352 घरों को अलर्ट पर रखा गया है। गौरतलब है कि यह पहली बार नहीं है जब अमेरिका में जंगलों में आग से तबाही मची हो। इस साल की शुरुआत में लॉस एंजिल्स और मार्च में उत्तरी व दक्षिण कैरोलिना में भी भयंकर आग लगी थी, जिससे अरबों डॉलर का नुकसान हुआ था। प्रशासन राहत और बचाव कार्यों में जुटा हुआ है, लेकिन मौसम की गर्म और सूखी परिस्थितियां आग को और भड़काने का काम कर रही हैं।

## राजा रघुवंशी हत्याकांड

# राज कुशवाह की मां और बहन ने मांगी माफी

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** इंदौर में राजा रघुवंशी मर्डर केस एक नया मोड़ लेता दिख रहा है। आरोपी राज कुशवाह की मां और बहन सामने आकर राजा के परिवार से हाथ जोड़कर माफी मांग रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्हें दुख है कि राजा जैसा बेटा अब इस दुनिया में नहीं रहा। राज की मां ने कहा, "बड़े मुश्किल से बच्चे पलते हैं, हम गरीब हैं, हमारा बेटा किसी का नौकर था, सोनम उसकी मालिक थी। मैं इसीलिए माफी मांग रही हूं।"

राज कुशवाह की मां ने बताया कि उनके बेटे ने कठिन परिस्थितियों में जीवन बिताया। दसवीं कक्षा में पढ़ते समय उसके पिता का देहांत हो गया था। परिवार की आर्थिक स्थिति बहुत कमजोर थी। राज कपड़ा मार्केट में काम करता था और साथ ही घर-घर अखबार भी बांटता था। पड़ोसियों की सलाह पर उसे कंप्यूटर क्लास में भेजा गया और फिर गोविंद भैया के ऑफिस में नौकरी मिल गई। राज की बहन ने कहा, "हमारा भाई निर्दोष है। वह सोनम को दीदी कहता था। दोनों के बीच



### बताया बेटा गरीब था, सोनम को मानता था दीदी

भाई-बहन जैसा रिश्ता था। सोनम भी उसे राखी बांधती थी।" राज की मां ने भी यही दोहराया कि न तो कोई अफेयर था और न ही कोई गलत संबंध। उन्होंने कहा कि सच्चाई भगवान ही जानते हैं।

इससे पहले सोनम के भाई ने भी राजा की मां से मुलाकात की थी और कहा था कि दोषियों को फांसी मिलनी चाहिए। उन्होंने भी स्पष्ट किया कि सोनम और राज के बीच सिर्फ कर्मचारी और भाई-बहन जैसा ही रिश्ता था।

गौरतलब है कि राजा रघुवंशी और सोनम 23 मई को मेघालय में हनीमून के दौरान लापता हो गए थे। दो जून को राजा का शव एक खाई में मिला था। मामला फिलहाल एसआईटी के पास जांचाधीन है।

# गोवा में तीन नाबालिग लड़कियों से रेप

### बर्थडे मनाने आई थी

### गेस्ट हाउस मालिक और मैनेजर सहित चार अरेस्ट

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** उत्तर गोवा जिले के एक गेस्ट हाउस में तीन नाबालिग लड़कियों के साथ दुष्कर्म के मामले में पुलिस ने गेस्ट हाउस के मालिक और मैनेजर को गिरफ्तार किया है। इस मामले में अब तक कुल चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। अधिकारियों के अनुसार एक ही इमारत में रहने वाली 11, 13 और 15 वर्ष की उम्र की इन लड़कियों से सात और आठ जून को कलंगुट इलाके में स्थित गेस्ट हाउस में दो लोगों ने दुष्कर्म किया था। अधिकारियों के मुताबिक, ये पांचों एक साथ गेस्ट हाउस में ठहरने के लिए पहुंचे थे। इनमें दो बड़ी लड़कियां बहनें हैं।

पीड़ित लड़कियों के परिजनों ने 8 जून को शिकायत दर्ज कराई थी कि लड़कियां एक दिन पहले से लापता हैं। पुलिस ने कई टीमें गठित कीं और उसी दिन लड़कियों को गेस्ट हाउस से सुरक्षित निकालते हुए दो युवकों 19 साल के अल्ताफ मुझावर और 21 साल के ओम नाइक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने



होटल में एंट्री का रिकॉर्ड, सीसीटीवी फुटेज और प्रत्यक्षदर्शियों के बयानों को सबूत के तौर पर इकट्ठा कर लिया है।

पुलिस अधीक्षक राहुल गुप्ता ने बताया कि गेस्ट हाउस के मालिक रजत चौहान (31) और मैनेजर मंसूर पीर (35) को बुधवार रात गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें नाबालिग लड़कियों को उनके माता-पिता की सहमति और सत्यापन के बिना गेस्ट हाउस में ठहरने, कानून का उल्लंघन करने और अपराध को बढ़ावा देने के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। गोवा पुलिस ने बताया कि आरोपी और पीड़ित सभी लोग दोस्त हैं। एक होटल में ईद और बर्थडे पार्टी करने के लिए रूम बुक किए गए थे। ये सभी बर्थडे मनाने आए थे। तभी मौके का फायदा उठाकर दोस्तों ने अपनी ही दोस्तों को हवस का शिकार बना लिया और लड़कियों के साथ जबरन रेप किया गया।

पुलिस ने बताया कि चारों आरोपियों पर भारतीय न्याय संहिता, यौन अपराधों से बच्चों का संरक्षण अधिनियम और गोवा बाल अधिनियम की संबंधित धाराओं के तहत मामला दर्ज किया गया है।

एसपी ने कहा, "हम गेस्ट हाउस को सील कर रहे हैं और इसका लाइसेंस रद्द करने की कार्रवाई की जा रही है। अगर गेस्ट हाउस मैनेजर और मालिक किसी बच्चे को उसके परिवार या परिजनों की अनुपस्थिति में कमरा देते हैं तो उन्हें बख्शा नहीं जाएगा।

# शादी के 15 दिन बाद पत्नी ने कुल्हाड़ी से की पति की हत्या

**यूनिक समय, नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के सांगली जिले से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है, जहां शादी के महज 15 दिन बाद ही एक पत्नी ने अपने पति की नृशंस हत्या कर दी। यह घटना सांगली जिले के कुपवाड़ इलाके की है, जहां 27 वर्षीय राधिका लोखंडे ने अपने 53 वर्षीय पति अनिल लोखंडे को सोते समय कुल्हाड़ी से काट डाला।

अनिल की पहली पत्नी की मृत्यु कैंसर से हो गई थी, जिसके बाद उन्होंने 23 मई को राधिका से दूसरी शादी की थी। शुरुआती खुशियों के बीच दंपति के बीच रिश्ते जल्द ही तनावपूर्ण हो गए। बताया जा रहा है कि 10 जून की रात दोनों के बीच शारीरिक संबंध को लेकर विवाद हुआ, जिसके बाद राधिका ने पति पर कुल्हाड़ी से जानलेवा हमला कर दिया।

हत्या के तुरंत बाद राधिका ने अपने चचेरे भाई को फोन कर घटना की जानकारी दी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर राधिका को गिरफ्तार कर लिया। 11 जून को उसे अदालत में पेश किया गया, जहां से उसे दो दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया गया है।

इस घटना ने मेघालय में हाल ही में हुए राजा रघुवंशी हत्याकांड की याद दिला दी है, जहां पत्नी पर ही पति की हत्या का आरोप है। लगातार हो रहे ऐसे मामलों ने वैवाहिक संबंधों में बढ़ते तनाव और मानसिक स्वास्थ्य की गंभीरता को उजागर किया है। पुलिस मामले की गहन जांच कर रही है और आगे की पूछताछ जारी है।

# बिना चेहरा प्रमाणीकरण के नहीं मिलेगा पोषाहार : डीपीओ

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला कार्यक्रम अधिकारी बुद्धि मिश्रा ने बताया कि जनपद में आंगनबाड़ी केन्द्रों पर पंजीकृत लाभार्थियों का चेहरा प्रमाणीकरण और ई केवाईसी पोषण ट्रैकर ऐप पर किया जाना अनिवार्य है। इसके बिना लाभार्थियों को अब पोषाहार नहीं मिल पाएगा। इस कार्य में जहां एक ओर कार्यकर्ताओं द्वारा लापरवाही की जा रही है। उन्होंने बताया कि लाभार्थियों द्वारा भी इसमें रुचि नहीं ली जा रही है। लाभार्थियों के आधार में उनके बायोमेट्रिक्स और फोन नंबर अपडेट नहीं है जिनके कारण बार बार प्रयास करने पर भी उनका ई केवाईसी सफल नहीं हो पा रहा है। श्रीमती मिश्रा ने बताया कि अभी तक ई केवाईसी न होने वाले लाभार्थियों को भी पोषाहार कार्यकर्ताओं द्वारा दे दिया जाता रहा था लेकिन अब 30 जून की समय सीमा इसके लिए निर्धारित की गई है। आज की जूम बैठक में प्रमुख सचिव बाल विकास सेवा एवं पुष्टाहार द्वारा स्पष्ट चेतावनी दी गई है कि जिन लाभार्थियों की केवाईसी 30 जून तक नहीं होगी उनके लिए पोषाहार की आपूर्ति प्राप्त नहीं होगी साथ ही इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों और कर्मचारियों के विरुद्ध दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने भी अपने सभी अधीनस्थों को स्पष्ट आदेश निर्गत किया है कि 30 जून तक सभी परियोजनाएं इस कार्य को शत प्रतिशत पूरा कराएं अन्यथा माह जून का वेतन आहरित नहीं किया जाएगा। इसी प्रकार सभी आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को 23 जून तक 80% लाभार्थियों की केवाईसी पूरा करने के लिए आदेशित किया गया है। जिनके यहाँ यह काम पूरा नहीं होगा उनका माह जून का मानदेय रोक दिया जाएगा। सभी सीडीपीओ, ब्लॉक समन्वयक और सुपरवाइजर को निर्देशित किया गया है कि वह प्रतिदिन तीन ग्राम पंचायतों का भ्रमण करेंगे और उसकी फोटोग्राफ भी ग्रुप में शेयर करेंगे।

### आंगनबाड़ी केन्द्र पर पंजीकृत लाभार्थियों का चेहरा प्रमाणीकरण कराना है जरूरी

### 30 जून तक चेहरा प्रमाणीकरण का है अंतिम समय

### यह कार्य पूरा नही होने पर आंगनबाड़ी को नहीं मिलेगा मानदेय

प्रथम पुण्यतिथि



स्व. श्री योगेश जौली सर्राफ
गोलोकवास: 13.06.2024
आपकी सरलता, स्नेहलता स्वभाव तथा आपका कर्मयोगी जीवन सदा हमारे प्रेरणा स्त्रोत बने रहेंगे।
आज आपकी प्रथम पुण्यतिथि पर हम सभी परिवारीजन आपको अश्रुपूरित नेत्रों से श्रद्धासुमन अर्पित करते हैं।
श्रद्धानवत्
श्रीमती विमलेश अग्रवाल (माता जी)
सोनिया अग्रवाल (धर्मपत्नी) अवधेश (कान्हा),
यश अग्रवाल (पुत्र) मोहिनी अग्रवाल (पुत्री)
प्रतिष्ठान • गंगा प्रसाद चंद्रभान सर्राफ, मथुरा
• गंगा ट्रेडर्स - 9528775431 • जी.सी.एस. ज्वैलर्स एण्ड डायमण्ड, मथुरा
• श्याम सुंदर सूरजभान सर्राफ, मथुरा • हिंद मेडीकल एजेंसी, मथुरा

## निजीकरण के विरोध में मथुरा के विद्युतकर्मियों ने आवाज बुलंद की



प्रदर्शन करते विद्युतकर्मी।

**यूनिक समय, मथुरा।** बिजली के निजीकरण के विरोध में लगातार 196वें दिन प्रांत भर में बिजली कर्मियों का आंदोलन जारी रहा। विद्युत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति के पदाधिकारियों ने कहा है कि किसानों, उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों की 22 जून को लखनऊ में होने वाली बिजली महापंचायत में "प्रधानमंत्री के विकसित भारत का लक्ष्य और सार्वजनिक क्षेत्र में बिजली" यह एक महत्वपूर्ण विषय होगा। बिजली महापंचायत का खुला निमंत्रण ऊर्जा मंत्री को है। संघर्ष समिति ने कहा कि ऊर्जा मंत्री बिजली महापंचायत में ससम्मान आमंत्रित है। वह बयान देने के बजाय बिजली महापंचायत में आकर बताएं कि बिजली के निजीकरण से किस प्रकार किसानों, उपभोक्ताओं और बिजली कर्मचारियों का भला होने जा रहा है। ऊर्जा मंत्री को किसानों, उपभोक्ताओं और बिजली कर्मियों के सामने अपनी बात रखने का इससे अच्छा मंच नहीं मिलेगा। उधर, कामरेड धर्मेंद्र सभागार प्रांगण, काली मंदिर के पास कैंट कार्यालय में 2 बजे से 5 बजे तक हुई विरोध सभा में सभी बिजली कर्मचारियों ने निजीकरण के विरुद्ध अपनी आवाज़ बुलंद की। संघर्ष समिति मथुरा के पदाधिकारियों में इं राहुल चौरसिया, इं देवेन्द्र तिवारी, इं मनीष कुमार, इं गया सिंह, इं मानवेंद्र सिंह, मनीष, ग्यान प्रकाश, प्रदीप सागर, नरेंद्र, कन्हैया, रामवीर, हेमंत, नारायण दत्त, मनीष आदि ने विरोध सभा में निजीकरण के विरुद्ध अपनी आवाज़ बुलंद की।

## बच्चों से नहीं कराएं बाल श्रम : गरिमा खरे



महोली रोड स्थित एक होटल में श्रम विभाग द्वारा बाल श्रम निषेध दिवस पर आयोजित किए जागरूकता कार्यक्रम में बाल श्रम से मुक्त कराये गए बच्चे, अभिभावक व अधिकारी।

वरिष्ठ संवाददाता

### बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम

**यूनिक समय, मथुरा।** विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन एक होटल पर किया गया। मुख्य अतिथि जिला विकास अधिकारी गरिमा खरे थी। जस्टिस फार चिल्ड्रेन एण्ड वुमेन सोसाइटी द्वारा संचालित स्कूल के स्ट्रीट चिल्ड्रेन के बच्चों ने गणेश वन्दना एवं स्वागत गान किया। सहायक श्रमायुक्त एमएल पाल ने बाल श्रम पर प्रकाश डाला। अखिल भारतीय व्यापार मण्डल के अध्यक्ष जितेन्द्र प्रजापति ने बाल श्रम उन्मूलन के सम्बन्ध सहयोग का पूरा आश्वासन दिया। जस्टिस फार चिल्ड्रेन एण्ड युगेन सोसाइटी के अध्यक्ष सतीश चंद्र शर्मा ने बाल श्रम जैसी कुप्रथा के बारे में जानकारी दी। जिला समाज कल्याण अधिकारी नागेन्द्र पाल सिंह ने बाल श्रम न कराये जाने पर जोर दिया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राजेश दीक्षित ने बाल श्रम उन्मूलन के सम्बन्ध में समाज की भूमिका पर प्रकाश डाला। श्रम प्रवर्तन अधिकारी एसपी पाण्डेय ने आभार जताया।

## 200 बकायेदारों की भूमि होगी नीलाम : संयुक्त आयुक्त



जिला सहकारी बैंक के सभागार में सहकारिता विभाग द्वारा संचालित की जा रही योजनाओं की समीक्षा करते बैंक के सभापति निरंजन सिंह धनगर व आगरा मंडल के संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक।

वरिष्ठ संवाददाता

### सहकारी समिति सौंख, राया, नौहझील एवं बलदेव की वसूली कम पाई गई

**यूनिक समय, मथुरा।** जिला सहकारी बैंक लिमिटेड के सभागार में बैंक के अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर और आगरा मंडल के सहकारिता के संयुक्त आयुक्त एवं संयुक्त निबन्धक आदित्य कुमार दुबे की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग के विभागीय कार्यों की समीक्षा की गयी। संयुक्त आयुक्त आदित्य कुमार दुबे ने बताया कि सरकार द्वारा कृषकों को उपलब्ध करायी जा रही ब्याज अनुदान सुविधा दी जा रही है। भारत सरकार के किसान ऋण पोर्टल पर, किसानों का विवरण अपलोड किये जाने के उपरान्त डीबीटी के माध्यम से सीधे कृषकों के खाते में किया जाता है। उन्होंने केसीसी सुविधा से आच्छादित कृषकों का विवरण प्रत्येक दशा में 30 जून, 2025 तक अपलोड किये जाने के निर्देश दिये, साथ ही प्रधानमंत्री फसल बीमा योजनान्तर्गत खरीफ वर्ष 2025 में अधिकाधिक कृषकों को योजना से आच्छादन किये जाने के निर्देश दिये गये। संयुक्त आयुक्त ने बकाया वसूली स्थिति संतोषजनक न होने पर रोष व्यक्त किया। शाखा सौंख, राया, नौहझील एवं बलदेव की वसूली गत वर्ष से कम होने के कारण वसूली लक्ष्यों की अपेक्षित पूर्ति किये जाने के निर्देश दिये। 30 जून, 2025 की स्थिति में जिस शाखा की वसूली गत वर्ष से कम रहेगी, उनकी लगने वाली वार्षिक वेतन अवरुद्ध कर किया जायेगा। बकाये से वसूली में गति लाये जाने के लिये 200 बकायेदारों के विरुद्ध नीलामी कार्यवाही प्रारम्भ किये जाने के निर्देश दिये गये। बैठक में जिला सहकारी बैंक से अध्यक्ष निरंजन सिंह धनगर, अध्यक्ष प्रतिनिधि एवं जिला पंचायत सदस्य पीयूष धनगर, सहायक आयुक्त एवं सहायक निबन्धक, सहकारिता विवेक कौशल, उप महाप्रबंधम सुमित कुमार शर्मा आदि उपस्थित थे।

### संघर्ष समिति, सभी दलों व संगठनों की मेहनत लाई रंग

## रेलवे को निरस्त करना पड़ा ब्रॉडगेज लाइन प्रोजेक्ट

कार्यालय संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** रेलवे मंत्रालय की ओर से मथुरा-वृंदावन रेल मार्ग पर बनाया गया ब्रॉडगेज लाइन प्रोजेक्ट अव्यावहारिक था। इससे शहर दो हिस्सों में तो बंटता ही और लोगों की हवा-पानी बंद हो जाता। वजह 17 पुलों का निर्माण था। इस प्रोजेक्ट का संघर्ष समिति सहित सभी संगठनों ने विरोध किया था। संघर्ष समिति ने रेलवे के अधिकारियों को ज्ञापन भी दिए थे। समिति एवं सभी ब्रजवासियों की मेहनत रंग लाई और केंद्र सरकार व रेलवे ने जनहित में इस प्रोजेक्ट को निरस्त कर दिया। संघर्ष समिति में शामिल रहे रालोद नेता कुंवर नरेंद्र सिंह ने कहा कि शहर में रेलवे द्वारा ब्रॉडगेज रेलवे लाइन डालने का प्रोजेक्ट पूर्व में बनाया था। इसके तहत 21 फीट उंचा उठाकर ब्राडगेज रेलवे लाइन डाली जानी थी। उसके सहारे दोनों तरफ 11 फीट उंची आरसीसी की दीवार खड़ी की जानी थी। प्रोजेक्ट का रेल लाइन संघर्ष समिति ने पुरजोर विरोध किया था। इसमें सभी राजनैतिक दलों, व्यवसायी, व्यापारी एवं नागरिक भी संघर्ष समिति के साथ थे। उनके नेतृत्व में वृंदावन रेलवे स्टेशन से मथुरा जंक्शन तक पदयात्रा भी निकाली गई थी। इसमें धौरेरा, जयसिंहपुरा, बिरला मंदिर, डींग दरवाजा, कैलाश नगर, ब्रजनगर, नानक नगर व डैंपियर नगर के नागरिकों ने सहभागिता की थी। इस संघर्ष का परिणाम ही था कि केंद्र सरकार व रेलवे द्वारा इस प्रोजेक्ट को निरस्त कर दिया है। उन्होंने कहा रेलवे अब यहां सड़क बनाएगी। इसके लिए समिति केंद्र सरकार व रेलवे का आभार जताती है। उन्होंने कहा कि मार्ग के निर्माण से यातायात व्यवस्था में सुधार होगा। जाम से श्रद्धालुओं एवं ब्रजवासियों को मुक्ति मिलेगी। वार्ता में वार्ड 49 के पार्षद मनोज शर्मा, किसान गरीब मजूदर मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष ताराचंद्र गोस्वामी, पूर्व विधायक कुशल पाल सिंह, अवनीश कुमार सहित आदि मौजूद थे।



पत्रकारों से बातचीत करते मथुरा-वृंदावन रेल लाइन संघर्ष समिति के रालोद नेता कुंवर नरेंद्र सिंह, ताराचंद गोस्वामी, पूर्व विधायक कुशलपाल सिंह एवं पार्षद मनोज शर्मा आदि।

### प्रोजेक्ट के निरस्त होने से शहर दो हिस्सों में बंटने से बचा

### रोड का निर्माण होने से लोगों को मिलेगी जाम से राहत

## खामनी में पेंशन शिविर में दर्जनों महिला-पुरुषों ने किया आवेदन



ग्राम पंचायत खामिनी में पेंशन शिविर में भाग लेने पहुंची महिलाएं।

वरिष्ठ संवाददाता

**यूनिक समय, मथुरा।** मथुरा ब्लॉक की ग्राम पंचायत खामिनी में वृद्धा, विधवा, विकलांग पेंशन शिविर लगाया। इसमें एडीओ एसटी राजीव सक्सेना, ग्राम प्रधान अशोक कुमार, पंचायत सचिव हरेंद्र सिंह ने सभी वृद्ध, विधवा व विकलांगों को पेंशन के लिए उनके फार्म भरवाए गए। वहीं जिनकी पेंशन में आने में कोई परेशानी हो रही थी उसका भी निस्तारण किया गया। इस अवसर पर पंचायत सहायक गोविंद सिंह, ग्राम रोजगार सेवक बृजबिहारी शर्मा एवं कोटेदार रवि कुमार आदि उपस्थित थे।

स्वामी पवन गौतम के लिए राजकुमार गौतम द्वारा दैनिक यूनिक समय, 6 शंकर विहार, कृष्णा नगर मथुरा 281004 से प्रकाशित एवं बालाजी ऑफसेट प्रिंटिंग प्रेस कृष्णा नगर, मथुरा से मुद्रित। कार्यालय :- यूनिक बिल्डिंग, 289-290 डायबिल नगर, कृष्णा नगर चौक, मथुरा। संपादक-पवन गौतम। फोन नंबर-0565-2420150, मो। 9837155888 E-mail : uniquesamaynews@gmail.com website : uniquesamay.com सभी विवादों का न्यायालय स्थान मथुरा होगा। RNI-UPHIN/2023/85053